चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 327, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 27 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# व्यापारिक जहाजों के हमलावरों को ढूंढ निकालेंगे

## लाल सागर में व्यापारिक जहाजों के हमलावरों को खोजकर करेंगे कठोर कार्रवाई, भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत से समंदर में हलचल ज्यादा बढ़ी

**नई दिल्ली**
राजनाथ सिंह ने स्वदेशी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक इंफाल को नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल करते हुए भरोसा जताया कि भारत-प्रशांत क्षेत्र में यह जहाज जलमेव यस्य, बलमेव तस्य यानी जिसका जल, उसका बल के हमारे सिद्धांत को और मजबूती प्रदान करेगा। यहां हम सब अपने वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और मजदूरों की राष्ट्रीय भावना से वाकिफ हैं।
यह सभी लोग पर्दे के पीछे रहकर हमारी सेनाओं की मजबूती के लिए प्रयासरत हैं। यह लोग हर तरह से हमारे सैनिकों के समान ही हैं। इसलिए आईएनएस 'इंफाल' की कमीशनिंग के मौके पर इसके निर्माण में लगे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के सभी वैज्ञानिक, इंजीनियर और मजदूर बधाई के पात्र हैं।
उन्होंने कहा कि आईएनएस इंफाल का भारतीय नौसेना में शामिल होना रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को दिखाता है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति एमडीएल एवं नौसेना की प्रतिबद्धता और इसके निर्माण में शामिल सभी हितधारकों की मेहनत, लगन और समर्पण को दिखाता है।
यह कहा जा सकता है कि उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम, हर जगह का प्रताप इस जहाज में शामिल है, जो भारत की एकता और अखंडता को दर्शाता है। मेरी दृष्टि में आईएनएस इंफाल की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक, उसका पूरी तरह से भारत में ही डिजाइन और निर्मित होना है।



## प्रोजेक्ट 15 बी और 15 ए श्रेणी के चार विध्वंसक जहाज तैनात

**एडमिरल** आर हरि कुमार ने बताया कि लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर समुद्री डकैती और ड्रोन हमलों के बाद भारतीय नौसेना ने प्रोजेक्ट 15 बी और 15 ए श्रेणी के चार विध्वंसक जहाज तैनात किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन खतरों का मुकाबला करने के लिए पी-8 आई विमान, डोर्नियर्स, सी गार्डियन, हेलीकॉप्टर और तटरक्षक जहाज सभी को संयुक्त रूप से तैनात किया गया है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि नौसेना का लक्ष्य देश के प्रत्येक जिले, प्रत्येक ब्लॉक और प्रत्येक गांव से कम से कम एक अग्निवीर को शामिल करना है।



उन्होंने कहा कि नौसेना की रणनीति देश के हर कोने से युवाओं-पुरुषों और महिलाओं को आकर्षित करना, सेवा में रहने के दौरान उन्हें कुशल बनाना, शिक्षा संस्थानों के माध्यम से उनकी क्षमताओं को प्रमाणित करना, राष्ट्रवाद की भावना पैदा करना और यह सुनिश्चित करना है कि वे नौसेना में अपनी नौकरी के बाद असैनिक क्षेत्र में फिर से एक बहुत उपयोगी व्यक्ति के रूप में शामिल हो सकें। हमारा लक्ष्य ऐसे राष्ट्रवादी कार्यबल को पूरे देश में फैलाना है। आईएनएस इंफाल को नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल करने के मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त प्रभार के साथ निदेशक (वित्त) संजीव सिंघल मौजूद रहे।

## मित्र देशों के साथ जल सीमा को समुद्री व्यापार के लिए सुरक्षित बनाएगा भारत



**नई दिल्ली**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरब सागर में व्यापारी जहाज ह्यएमवी केम प्लूटोह्न पर ड्रोन हमले पर चिंता जताते हुए कहा है कि आजकल समंदर में हलचल कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत ने कुछ ताकतों को ईर्ष्या और द्वेष से भर दिया है। उन्होंने मंगलवार को स्वदेशी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'इंफाल' को भारतीय नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल करने के मौके पर कहा कि कुछ दिन पहले लाल सागर में ह्यएमवी साई बाबाह्न पर हुए हमले को भारत सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत पूरे हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में सुरक्षा देने की भूमिका में है, इसलिए हम सुनिश्चित करेंगे कि इस इलाके में होने वाला समुद्री व्यापार सागर से उठकर आसमान की बुलंदियों तक पहुंचे। इसके लिए हम मित्र देशों के साथ मिलकर समुद्री सीमा को समुद्री व्यापार के लिए सुरक्षित बनाये रखेंगे।
उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने समंदर की निगरानी बढ़ा दी है, इस हमले को अंजाम देने वालों को हम सागरतल से भी ढूंढ निकालेंगे और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## 'लंदन में जिस संपत्ति का नवीकरण हुआ वह आपराधिक कमाई'

**नई दिल्ली**
प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन मामले में रॉबर्ट वाड्रा को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। कथित बिचौलिए संजय भंडारी के खिलाफ धनशोधन के इस मामले में ईडी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि लंदन में जिस संपत्ति का नवीनीकरण कराया गया है वह आपराधिक कमाई है। ईडी का आरोप है कि इस संपत्ति में रॉबर्ट वाड्रा कुछ समय तक रह भी चुके हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े कथित बिचौलिए संजय भंडारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला काफी हाईप्रोफाइल है। भंडारी 2016 में ब्रिटेन भाग गया। ब्रिटिश सरकार ने ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के कानूनी अनुरोध पर कार्रवाई करते हुए इस साल जनवरी में भारत में उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी क्राउन प्रिंस से बातचीत की

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारत और सऊदी अरब के बीच रणनीतिक साझेदारी के भविष्य पर सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद से फोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत और सऊदी अरब के बीच रणनीतिक साझेदारी के भविष्य पर मेरे भाई एचआरएच प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद के साथ अच्छी बातचीत हुई। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद, हिंसा और नागरिक जीवन की हानि के संबंध में चिंताओं को साझा किया।

## आरीबीआई और दूसरे बैंकों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली**
मुंबई पुलिस ने बताया है कि आरबीआई को एक धमकी भरा ईमेल मिला। ईमेल में कहा गया था कि आरबीआई कार्यालय, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बम लगाए जाएंगे। ईमेल में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस्तीफे की मांग की गई थी। पुलिस ने बताया कि मुंबई में कुल 11 जगहों पर बम की धमकी दी गई थी।

## यूपी: सिपाही भर्ती में सभी वर्गों को आयु सीमा में मिलेगी तीन साल की छूट

**लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने का आदेश दिया है। अभ्यर्थियों द्वारा आयु सीमा में छूट की मांग का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि आयु सीमा में छूट देने के लिए केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, भाजपा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त समेत कई विधायकों और राजनीति दलों के नेताओं ने आयु सीमा में छूट देने के लिए मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा था।
**कोर्ट जाने की थी योजना**
सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती में आयु सीमा में छूट देने की मांग करने का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के बाद अब केंद्रीय मंत्री वहीं दूसरी ओर हाईकोर्ट में भी इस संबंध में याचिका दायर किए जाने की सूचना है।
दरअसल, सिपाही भर्ती में सामान्य वर्ग की आयु सीमा को लेकर सबसे ज्यादा नाराजगी है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 22 वर्ष निर्धारित की गयी है। पुलिस में भर्ती होने के इच्छुक युवाओं की दलील है कि वर्ष 2018 के पांच साल बाद करीब 60 हजार पदों पर भर्ती होने जा रही है।

## वीर बाल दिवस: 'आज का युवा कुछ कर गुजरना चाहता है'

**नई दिल्ली**
दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आज वीर बाल दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। जहां कार्यक्रम में बच्चों ने प्रस्तुति दी। यहां पीएम मोदी का सम्मान किया गया। साथ ही उन्होंने यहां पहुंचे लोगों को संबोधित किया।
**कोलकता पहुंचे शाह और नड्डा**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को वीर बाल दिवस के मौके पर सिख गुरु गोबिंद सिंह, उनके पुत्रों और पत्नी माता गुजरी को नमन किया। वहीं कोलकता




में जेपी नड्डा भी वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'वीर बाल दिवस के मौके पर मैं गुरु गोबिंद जी के चार साहिबजादों और माता गुजरी जी को नमन करता हूं। पूरे साहस के साथ वे क्रूर मुगल शासन के खिलाफ खड़े हुए और धर्म परिवर्तन को इनकार करते हुए शहादत को चुना। उनकी ये अतुलनीय वीरता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।'
दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने का प्रतीक है।
पिछले वर्ष देश ने पहली बार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था। तब पूरे देश में सभी ने भाव विभोर होकर साहिबजादों की वीर गाथाओं को सुना था।

## उमेश पाल हत्याकांड : फरार चल रहे इनामी बमबाज गुड्डू मुस्लिम का मकान कुर्क



**प्रयागराज**
**उमेश** पाल हत्याकांड के आरोपी फरार चल रहे बमबाज गुड्डू मुस्लिम का मकान और उसके घर के सामान को पुलिस ने मंगलवार को कुर्क कर दिया। चकिया इलाके के चक निरातुल स्थित मकान पर पहुंची पुलिस ने यह कार्रवाई की। गुड्डू मुस्लिम पर पुलिस ने पांच लाख का इनाम घोषित किया है। बड़ी संख्या में फोर्स के साथ पहुंची पुलिस ने यह कार्रवाई की। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील रहा। 24 फरवरी को हुए उमेश पाल हत्याकांड में गुड्डू मुस्लिम सीसीटीवी फुटेज में नजर आया था। वह लगातार बमबाजी कर मौके पर दहशत पैदा कर रहा था। उसमें उमेश पाल के गनर को बम से हमला कर जख्मी कर दिया था, जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। घटना के बाद से वह फरार चल रहा है। पुलिस की कई टीमें उसकी खोजबीन में जुटी हैं, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। उसका मकान चकिया के चकनिरातुल इलाके में सकरी गली में है। इसके चलते मकान को ढहाया नहीं जा सका। पुलिस ने मकान को कुर्क करने के साथ ही उसमें रखे सामान को भी जब्त कर लिया है। उमे्श पाल की हत्या के बाद से ही परिवार के लोग भी भूमिगत हैं। पुलिस ने इसको पहले ही सील कर दिया था। अब कुर्की की कार्रवाई की गई। उमेश पाल हत्याकांड में खुलेआम बम बरसाने वाले माफिया अतीक अहमद के बम बाज गुड्डू मुस्लिम पर पुलिस ने फिर से शिकंजा कसा है। मंगलवार को प्रयागराज की धूमनगंज पुलिस ने भगोड़ा घोषित किए गए बमबाज गुड्डू मुस्लिम के घर पर कुर्की की कार्रवाई की।

## समुद्र में मछली पकड़ने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास की संभावना तलाशने की जरूरत: रूपाला


**नई दिल्ली**
सीमित कर्मचारियों की संख्या के साथ राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे में एनएफडीबी को हितधारकों के परामर्श से मछुआरों के लिए अलग से डीओएफ को सुझाव दिया जाना चाहिए और डीओएफ को इसके सुझावों पर काम करना चाहिए। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) द्वारा आयोजित 10वीं शासी निकाय बैठक की अध्यक्षता के दौरान ये बात कही। मंत्री ने झींगा पालन के समान मछली उत्पादन के महत्व पर जोर दिया और कहा कि निर्यात बाजार में झींगा की उच्च मांग है। इसलिए गहरे समुद्र में मछली पकड़ने, नौकाओं, पारंपरिक प्रसंस्करण इकाइयों, बीज की आवश्यकता आदि के लिए बुनियादी ढांचे के विकास की संभावना तलाशने के लिए नीति पर काम करने की जरूरत है।
बैठक में आंध्र प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री डॉ. सीदिरी अप्पालाराजू, कर्नाटक सरकार के मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री मंकल एस वैद्य और त्रिपुरा, उत्तराखंड और पंजाब के मत्स्य अधिकारियों ने भाग लिया।

## उड़ान भरने से ठीक पहले लड़ाकू विमान मिग-29के का टायर फटा

**पणजी**
भारतीय नौसेना का एक लड़ाकू विमान का नियमित उड़ान भरने से ठीक पहले गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे के टैक्सीवे पर टायर फट गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार की है। टायर फटने के कारण मिग-29के टैक्सीवे पर ही फंस गया। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है।
**घटना के तुरंत बाद बंद किया गया रनवे का संचालन**
इस घटना के तुरंत बाद ही एयरपोर्ट के अधिकारियों ने रनवे को चार बजे तक संचालन के लिए बंद कर दिया। इससे अन्य उड़ानों की सेवा भी प्रभावित हुई।
नौसेना के प्रवक्ता ने कहा, 'जब विमान अपने नियमित उड़ान के लिए रनवे पर थी, तभी टायर फट गया। टायर फटने के तुरंत बाद ही दमकल की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया।'

## शीतलहर से जूझ रहे दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में घना कोहरा

**नई दिल्ली**
उत्तर भारत में मौसम ने पूरी तरह से कर-वट ले ली है। घने कोहरे की वजह से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मंगलवार की सुबह दिल्ली-एनसीआर में ठंड के साथ सड़कों पर हल्का कोहरा भी नजर आया। सुबह के वक्त यमुना के किनारे कोहरे की परत नजर आई।
**कोहरे से थमी ट्रेनों की रफ्तार**
सर्द मौसम की वजह से रेल गाड़ियों की अधिकतम गति 15 से 20 किलोमीटर हो गई है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पूर्व मध्य प्रदेश में घना कोहरा छाया रहा। वहीं ओडिशा में हल्का और त्रिपुरा में मध्यम कोहरा छाया रहा। सुबह साढ़े आठ बजे के करीब 200 मीटर से कम दृश्यता पंजाब के अमृतसर, लुधियाना और



पटियाला, हरियाणा के अंबाला, हिसार, करनाल में रही। भिवानी में 50, रोहतक में 200, दिल्ली के पालम में 50, सफदरजंग में 200 और वहीं उत्तर प्रदेश के झांसी और वाराणसी में 25, मेरठ और लखनऊ में 50, बरेली में 200 दृश्यता रही। सुबह के समय आईजीआई हवाईअड्डे पालम पर घना कोहरा छाया रहा। सामान्य दृश्यता 50 मीटर रही और अधिकांश हवाईअड्डे के आरवीआर सीमा पर हैं।
**11 राज्यों में कोहरे के कारण रफ्तार थमी**
बीते दिन दिल्ली और कश्मीर से लेकर सुदूर दक्षिण के तेलंगाना और दक्षिण पूर्व के ओडिशा तक 11 राज्यों में कोहरे के कारण रफ्तार थम गई। दृश्यता में भारी कमी से सड़क से लेकर रेल व हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। दिल्ली से आठ उड़ानों को डायवर्ट किया गया है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना में सड़क हादसों में 19 लोगों की जान चली गई। जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर पारा शून्य से नीचे चला गया। वहां पहलगाम सबसे ठंडा रहा।
**दिल्ली हवाईअड्डे पर दृश्यता शून्य**
राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सुबह 8:30 बजे दृश्यता शून्य रही। फिर स्थिति कुछ सुधरी और दृश्यता 125 से 175 मीटर तक बढ़ी। इससे कई उड़ानों में देरी हुई। सात उड़ानों को जयपुर और एक को अहमदाबाद भेजा गया। दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों को फ्लाइट पकड़ने के लिए निकलने से पहले संशोधित समय-सारिणी का पता करने की सलाह दी है। हैदराबाद हवाईअड्डे पर भी खराब मौसम के कारण मुंबई और बंगलूरू से आने वाली विस्तारा की दो उड़ानों को वापस भेज दिया गया। 20 से अधिक ट्रेनों का परिचालन भी बाधित हुआ है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक साल के आखिरी दिन मौसम में बदलाव से यूपी, पंजाब, हरियाणा , राजस्थान, मध्य प्रदेश व तमिलनाडु में बारिश हो सकती है।

# सांसद फूलपुर एवं भदोही की उपस्थिति में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल एवं सांसद भदोही रमेश चन्द्र बिन्द की उपस्थिति में मंगलवार को संगम सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सांसदगणों के द्वारा सड़क निर्माण के संदर्भ में पिछली बैठक में जो सुझाव जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा दिए गए थे, के सम्बंध में की गयी कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। सांसदों ने सड़कों के निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए जहां पर सड़कों का निर्माण कार्य रूका हुआ है, उसे जल्द से जल्द शुरू कराने तथा जहां पर भी पैचिंग सम्बंधी कार्य कराये जाने थे, जो अभी तक नहीं पूर्ण हुए, पर नाराजगी जताते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में



जनप्रतिनिधि गणों के द्वारा बरौत-बिठौली सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य शुरू न होने के बारे में बताये जाने पर सांसद ने सम्बंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य को शुरू कराये जाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा माण्डा-बरौधा, बरौथा-पाण्डेयपुर मार्ग की खराब स्थिति की शिकायत पर सांसद महोदया ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी सम्पर्क मार्ग खराब है, उनको जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्ण ढंग से ठीक कराये व जो नए सड़कों का निर्माण कार्य किया जाना है, उनका शिलान्यास/ उद्घाटन जनप्रतिनिधि गणों से कराया जाये। बैठक में जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के पूर्ण होने के बाद खोदी गयी सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से नहीं कराया जा रहा है, जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभाग को कड़ाई से निर्देशित किया कि जहां पर भी पाइप लाइन डालने के लिए सड़कों की खोदाई की जा रही है। उन सड़कों को पुनः गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्मित करते हुए ही आगे पाइप लाइन डालने का कार्य करें। सांसदगणों ने अधिकारियों से गोद लिए गांव में कैम्प लगाकर लोगो को योजनाओं की जानकारी देने तथा जो पात्र लोग अभी तक योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए है, उन्हें योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है। विद्युत विभाग की समीक्षा में समिति के द्वारा विद्युत आपूर्ति, तारों के जर्जर होने एवं कुछ लोगो के द्वारा बिल न जमा किए जाने पर ट्रांसफार्मर से सामूहिक आपूर्ति बंद किए जाने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है, उनको शीघ्रता के साथ दूर कराये जाने के निर्देश दिए है और यह भी कहा कि ट्रांसफार्मरों से विद्युत बिल के लिए सामूहिक रूप से विद्युत कटौती की शिकायत नहीं प्राप्त होनी चाहिए। विधानसभावार विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए मा0 सांसद महोदया ने ग्रामीण क्षेत्रों/कस्बों में लगायी जाने वाली स्ट्रीट लाइटों एवं हाईमास्ट में विद्युत कटौती पर नाराजगी व्यक्त की। समिति ने जर्जर तारों/पोलों को बदलने के लिए कहा। इस अवसर पर विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, विधायक कोरांव राममणि कोल, विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, विधायक मेजा संदीप पटेल, सदस्य विधान परिषद के0पी0 श्रीवास्तव, सुरेन्द्र चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हॉस्पिटल संचालक पति पत्नी समेत छह पर केस दर्ज

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के बीकापुर में जमीनी विवाद में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी पक्ष के हॉस्पिटल संचालक पति पत्नी बेटी समेत पांच नामजद तथा क?ई अज्ञात के विरुद्ध बलवा, जान लेवा हमला, जान से मारने की धमकी समेत दस धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया है।बीकापुर निवासी सूरज यादव पुत्र श्याम बहादुर का आरोप है कि समरसेबुल पंप के लिए दीवार बनाते समय परिवार के ही विपक्षी गणों ने उसके गर्दन पर फावड़े से वार कर दिया। उसे बचाने आई मां को भी मारा-पीटा गया, उसकी निमार्णाधीन दीवार गिरा दी गई। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दे ग?ए। पीड़ित सूरज की तहरीर पर पुलिस ने शोभनाथ, पत्नी विमला देवी, बेटी उन्नति यादव व इंद्रजीत यादव, श्याम बहादुर यादव सहित कई अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय ने बताया कि दूसरी पार्टी ने भी तहरीर दी है।

## न्यूज झरोखा

### मुख्यमंत्री जी का जनपद भ्रमण कार्यक्रम

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री, उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी कल दिनांक 27.12.2023 को अपरान्ह 12:25 बजे प्रयागराज आयेंगे। तत्पश्चात मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा माघ मेला-2024 एवं महाकुम्भ-2025 के कार्यों का निरीक्षण किया जायेगा। मा0 मुख्यमंत्री जी अपरान्ह 02:25 बजे से आईसीसीसी सभागार में समीक्षा बैठक भी करेंगे। मुख्यमंत्री जी अपरान्ह 04:25 बजे प्रयागराज से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक 28 दिसम्बर को

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक दिनांक 28.12.2023 को अपरान्ह 03:30 बजे संगम सभागार कक्ष, कलेक्टेज्ट परिसर में निर्धारित की गयी है।

### वीआर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से किसमस पर्व मनाया गया



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा के अंतर्गत रामनगर वी0आर0 पब्लिक स्कूल में क्रिसमस का मेला बच्चों ने बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबन्धक डॉक्टर राजेश्वर प्रसाद और निदेशक श्रीमती रागनी देवी ने कहा कि ईसा मसीह ने कहा था की हर मानव के भीतर वही एक परमात्मा है। इसलिए हमें धर्म और जाति के नाम पर आपस मे लड़ना नही चाहिए। हम सबको मिलजुल कर प्रेम से रहना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक संस्कृतिक कार्यक्रम में शमां बाँध दिया। प्रभु यीशु के जन्म संबंधित कई नाटक बच्चों ने प्रस्तुत किया। इस मेले में बच्चों ने तरह-तरह के व्यंजन एवं फास्ट फूड अपने हाथों के द्वारा बनाकर मेले में अपना-अपना स्टॉल लगाया जिसमें सारे टीचरों ने सहयोग किया जिसमे प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य अजय तिवारी उप प्रधानाचार्य सुधीर सर और शसेंद्र द्विवेदी ,आरती मैडम ,क्षमा मैडम पूजा मैडम ,प्रतिभा मैडम सोनम, सपना, रुचि, रेनू मैडम खुशबू ,स्मृति ,हर्षिता इसेंद्र सर जितेंद्र सर शैलेश सर एवं स्कूल के डायरेक्टर रागिनी मैडम आदि लोगों के सहयोग से क्रिसमस फेयर मिला अच्छे ढंग से संपन्न कराया गया बच्चों ने अपना हुनर अच्छे ढंग से दिखाए धन्यवाद इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीरज सिंह यादव ग्राम प्रधान रामनगर ने मेले का उद्घाटन कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुँची, ग्राम पंचायत तिसेन



**मांडा।** विकास खंड मांडा क्षेत्र तिसेन ग्राम में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया । जिसमे बतौर मुख्य राजू शुक्ला द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई। व ग्रामीणों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा कराये गए इस संकल्प यात्रा के तहत कोई भी ग्रामीण सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अछूता न रह जाए, इसके लिए संकल्प यात्रा के जरिए ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। इसके बाद कार्यक्रम में आई गर्भवती महिलाओ की गोद भराई व छः माह पुरा कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार शुक्ल, जिला महामंत्री विक्रमादित्य कुशवाहा, मंडल महामंत्री रामबली मौर्य, मांडवी शरण द्विवेदी, वीडीओ बृजेश दुबे आदि लोगों मौजूद रहे।

### राष्ट्र के प्रति समर्पित थे पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल सहसों के शक्ति केंद्र कसेरुआ कला स्थित मण्डल अध्यक्ष अनिल सरोज की अध्यक्षता में उनके आवास पर पार्टी कार्यकर्त्ता ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, राष्ट्र कवि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर सत सत नमन किया। उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला उपाध्यछ भाजपा गंगापार एवं अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने अटल जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी देश के सच्चे सचेतक के साथ जीवन पर्यंत राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे। मौके पर प्रमुख रूप से राजधर द्विवेदी, संजय सिंह, मनोज तिवारी, सुरेश तिवारी, अमन सिंह राजपूत, संतोष सिंह, रंजन तिवारी, लवकुश बिन्द, मुन्ना दुबे,सुनील कुमार, सतीश कुमार, विकास कुमार गुप्ता, अश्विनी प्रताप सिंह सहित आदि कार्यकताओं ने नमन करते मौजूद रहे।

### पेड से गिरकर बंदर की मौत लोगो ने किया अंतिम संस्कार



**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के गंजिया बाजार स्थित केसरवानी धर्मशाला पर पीपल के पेड़ से गिर कर सोमवार की रात्रि लगभग दस बजे बंदर की मौत हो गई । जिस कारण बहुत सारे बंदरों काआतंक शुरू हो गया । जो लोग पास आते बंदर उन्हे दौडा लेते थे जिससे मोहल्ला वासियो में भय बना रहा। लोग अपने अपने घरो के अंदर हो गए। सुबह स्थानीय लोगो मे गिरीश केसरवानी, राजीव कुमार साहू, प्रदीप कुमार, मोनू केसरवानी, पिन्टू केसरवानी, प्रवीण केसरवानी व रोहित केसरवानी समेत दर्जनो भर लोगो ने लाठी डंडा लेकर मृत पडे बंदर को ले जाकर अंतिम संस्कार किया।

### वीर जोरावर सिंह व फतेह सिंह को नमन करते किया गया याद



**सहसों।** छत्रपति शिवाजी ऋषिकुल सहसों में मंगलवार को विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे तथा शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा वीर बाल शहीद दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने साहेबजादे बीर जोरावर सिंह और फतेह सिंह को श्रद्धा सुमन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि धर्म की रक्षा एवं अपने पिता गुरु गोविंद सिंह जी के मान सम्मान की रक्षा के लिए बाल्यकाल में ही देश के प्रति शहादत देने वाले साहिबजादों फतेह सिंह व जोरावर सिंह को उनके बलिदान दिवस पर आज उन्हें पूरा सिख समाज ही नहीं बल्कि पूरा देश याद करते शत शत नमन कर रहा है। उन्होंने कहा आज इस आधुनिक युग में भी हर समाज हर धर्म के बच्चों को राष्ट्र की सेवा के लिए ऐसे वीर शहीदों से सीख लिया जाना चाहिए। इस अवसर पर भाजयुमो काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष सचिन गोस्वामी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विमलेश पटेल, मंडल महामंत्री पवन शुक्ला, रंजय सिंह, रितेश पटेल, प्रधानाचार्य अनुराधा वर्मा एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**हनुमानगंज।** सरायइनायत पुलिस ने मंगलवार को रामनाथपुर स्टेशन के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है। मामले की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सरायइनायत ने बताया कि पकड़ा गया युवक कोटवा गांव निवासी दिनेश सोनकर पुत्र कल्लू सोनकर को चेकिंग के दौरान उप निरीक्षक ऋतुराज सिंह, कास्टेबल विपिन मौर्य, हरिश्चन्द्र राय ने गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया की कुछ दिन पहले ही दिनेश सोनकर की एक फोटो भी तमंचे के साथ वायरल हुई थी जिसके बाद से पुलिस को दिनेश सोनकर की तलाश थी।

## तहसीलदार ने अल्हवा ग्राम सभा में किया दौरा

### भू माफियाओं को चेतावनी तीन दिन के अंदर गठित राजस्व पुलिस टीम खाली कराए ग्राम समाज की जमीनें



**कोरांव।** उच्चस्तरीय शिकायत के फलस्वरूप अंततोगत्वा तहसीलदार कोरांव अजय संतोषी ने ग्राम सभा अल्हवा में अतिक्रमित ग्राम समाज की जमीनों का निरीक्षण किया और भू अतिचारियों को तत्काल जमीनें खाली करने का आदेश दिया। श्री संतोषी ने राजस्व टीम के साथ शिकायत के सापेक्ष मौका मुआयना किया और तत्काल लेखपालों और पुलिस बल के साथ पुनः पैमाईश सीमांकन करके अतिक्रमित जमीनें चकमार्ग आदि से अवैध कब्जे हटवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा ग्राम समाज की जमीनों के अतिचारी जेल जायेंगें। अन्यथा उक्त जमीनें तत्काल स्वयं छोड़ दें।

## युवक ने फांसी लगाकर किया खुदकुशी का प्रयास

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया परिजनों ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोग दरवाजा तोड़ अंदर घुसे और युवक को फंदे से उतार अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है चक हरिहर वन गांव निवासी संजय कुमार 40 पुत्र स्व. गंगाराम भारतीय मंगलवार की शाम कमरे में फांसी के फंदे पर झूल गया। फंदे पर झूले संजय पर परिजनों की नजर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाया आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए तभी सूचना पा कर पुलिस भी पहुच गई। आनान फानन में संजय को फंदे से नीचे उतारा गया तो उसकी सांसे चल रही थी। इलाज के लिए उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संजय की हालत नाजुक बनी हुई है। उसके तीन बच्चे हैं जिसमें दो लड़का आर्यन 14 वर्ष छोटा बच्चा अमन 7 व लड़की 18 वर्ष की है। परिजनों की माने तो संजय कुछ दिनों से तनाव में था। संजय दो भाइयों में सबसे छोटा था बड़े भाई टुनटुन पासी की रंजिशन गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## बिजली विभाग के जे ई एवं कर्मचारियों से मारपीट मामले में केस दर्ज



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा में बिजली विभाग के जेई व कर्मचारियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालने व मारपीट का आरोप लगाया गया है। जहां कर्मचारियों ने मेजा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बता दें कि मंगलवार को जेई लवकुश बिंद ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र औंता के अवर अभियन्ता के पद पर कार्यरत हैं। सोमवार 25 दिसंबर को अपने लाइन स्टाफ जयप्रकाश व सुनील लाइनमैन के साथ ग्राम औंता के सिंगारो हरिजन बस्ती नहर वाली रोड पर अनिल कुमार पुत्र राम अचल पर बकाया विद्युत बिल जमा कराने व विच्छेदन कराने हेतु गए थे। जिनकी बिजली सुनील कुमार लाइनमैन द्वारा खोल कर उतर रहे थे, तभी रजनीश कुमार व सुनील कुमार पुत्रगण राम अचल द्वारा गाली देने लगे। जिसकी विडियोग्राफी हमारे द्वारा अपने मोबाइल से बनाने हेतु प्रयास किया गया तो उक्त दोनों द्वारा मारते हुए मेरा एण्ड्रायड मोबाइल छीन लिए व गाली देते हुए मारने लगे।

## सुशासन दिवस पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी : दिलीप प्रजापति



**मांडा।** देशभर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई जा रही है। इस दौरान भाजपा के तमाम नेता उनको श्रंद्धाजलि दी। वही जिला मंत्री दिलीप प्रजापति उनके चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी कुशल प्रशासक,राजनीतिज्ञ के साथ-साथ महान वक्ता थे.जिन्हें समाज के सभी वर्गों के लोग सम्मान देते थे. स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि था स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर यमुना पार भाजपा अध्यक्ष विनोद प्रजापति, उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल,राजकुमार मिश्र आदि पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

## उच्च न्यायालय ने एसडीएम को दिया सख्त निर्देश



**मांडा।** क्षेत्र के भारतगंज नगर पंचायत में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर सड़क निर्माण का चौड़ीकरण किया जा रहा है। वहीं उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई जिस पर कोई कार्यवाही न होने पर शिकायत कर्ता गणेश बिहारी त्रिपाठी ने उच्च न्यायालय प्रयागराज में रिट दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई। प्रकरण एवं तथ्यों को देखते हुए माननीय उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी एवं प्रशांत कुमार की डबल बेंच ने शासकीय अधिवक्ता तथा नगर पंचायत भारतगंज के अधिवक्ता को सुना व वादी के अधिवक्ता के सुनने के उपरांत एसडीएम मेजा को आदेशित किया है कि 17 अक्टूबर 2023 के शिकायत पत्र पर कार्यवाही करें तथा कानून के तहत सख्त कदम उठाये जिससे कानून का पालन हो सकें।

## वर्षों के संघर्ष के बाद अब होगी आराध्य देव प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा : आलोक जी



**करछना।** ब्लॉक सभागार खंड करछना परिसर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति खंड करछना की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई । बैठक में आयोजन समिति से जुड़े हुए प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यमुना पार आलोक ने कहा कि आज पूरे विश्व में यह चर्चा का विषय है कि हिंदू समाज पूरी दुनिया को सात्विकता के आधार पर और मर्यादित जीवन जीने के लिए एक दिशा देने का काम कर रहा है । उन्होंने कहा कि आज हम सब के समक्ष भगवान राम का मंदिर बनकर तैयार है। वह सुखद समय हम सब के मध्य विराजमान है । 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अब हमारे आराध्य देव राष्ट्र पुरुष मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त 22 जनवरी 2024 को निश्चित हुआ है। इस दिन हम सभी प्रत्येक गांव में प्रत्येक मंदिर में भजन कीर्तन पूजा अर्चना आदि करेंगे । उन्होंने बताया कि 1 जनवरी से 15 जनवरी तक पूजित अक्षत, भगवान राम का चित्र, एवं आमंत्रण पत्र प्रत्येक परिवार से संपर्क कर आमंत्रित करना है । इस उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए यह बैठक आहूत की गई है। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह बौद्धिक प्रमुख आलोक ,खंड करछना के संचालक मार्तंड व सह संघचालक कृष्ण प्रकाश तिवारी ,खंड कार्यवाह अरुण जिला धर्म जागरण प्रमुख जितेंद्र , ग्राम में विकास प्रमुख विवेक, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष रवि , एवं खंड अभियान समिति के संयोजक अवतार किशन सिंह , वरिष्ट भाजपा नेता पंकज द्विवेदी,अजय सिंह,प्रदीप पांडेय, विष्णु शुक्ल ,राजेश शुक्ल, खंड बौद्धिक प्रमुख प्रकाश , संपर्क प्रमुख अभय ,अनिरुद्ध ,शिवदेव दीपक आदि लोग मौजूद रहे।

## हनुमान पुर में वीरबाल दिवस मनाया गया

**करछना।** अमर शहीद गिरीश कुमार शुक्ल स्मारक गुरुकुलम पब्लिक स्कूल हनुमानपुर में मंगलवार को वीर बाल दिवस कार्यक्रम खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया गया। विद्यालय संचालक अधिवक्ता प्रकाश नारायण द्विवेदी की ओर से अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.के.पी. तिवारी ने पहले ह्यवीर बाल दिवसह्न पर साहिबजादों और माता गुजरी के चरणों में शीश झुककर पुष्पमाला अर्पण किया। कार्यक्रम के संयोजक रहे वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु शुक्ल की ओर से मौजूद सभी लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर विद्यालय संचालक अधिवक्ता प्रकाश नारायण द्विवेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भडेंवरा प्रदीप पांडेय ,रामबाबू पटेल, शिशिन सिंह, विष्णु शुक्ल, अनुराग सिंह, शुभम शुक्ल, चंदन राव, वीरेंद्र गुप्ता, बलराम मिश्र, सीमा सिंह, श्वेता द्विवेदी, निधि तिवारी, संध्या द्विवेदी, कोमल, शिखा द्विवेदी, निधि सिंह, रूपाली सिंह, शिवानी मिश्रा प्रिया सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## फरार्टा रेस में अंशिका,अनुष्का, छाया और एंजल का जलवा

### तीन दिवसीय खेलकूद का हुआ शुभारंभ, बच्चों में दिखा उत्साह





अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल शंकरगढ़ के वार्षिक तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हो गया। पहले दिन की खेल प्रतियोगिता में बच्चों में जमकर उत्साह देखने को मिला।100 मीटर की दौड़, कबड्डी, झंडी दौड़,गोला फेंक आदि प्रतियोगिता हुई । 100 मी की दौड़ में बालिका वर्ग में कक्षा चार की अनुष्का सिंह, कक्षा 5 छाया यादव, कक्षा 6 अनुराधा सिंह, कक्षा 7 एंजेल गुप्ता, कक्षा 8 स्नेहा द्विवेदी, कक्षा 9 अंशिका को प्रथम स्थान हासिल हुआ। इसी प्रकार बालक वर्ग में कक्षा 4 में दुर्गेश यादव, कक्षा 5 अनुज पाल ,कक्षा 6 अंबुज द्विवेदी, कक्षा 7 कार्तिकेय, कक्षा 8 साहस ,कक्षा 9 हर्ष तिवारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बताया गया कि खेल का समापन 28 दिसंबर को होगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस मौके पर बीएल सोनी ,योगेश पांडेय ,ओपी गुप्ता, सुमन सिंह, अर्चना ,इंद्रजीत मिश्र, रवि सिंह, सत्येंद्र द्विवेदी, अनुराग तिवारी, साक्षी पाण्डेय, अंजली मिश्रा, राहुल राव, रीतू सिंह, नीतू सिंह, जानवी जायसवाल, संध्या सिंह सहित कई शिक्षक, शिक्षिका व छात्र मौजूद रहे।



## मैन ऑफ द मैच घोषित कर किया गया सम्मानित

**सहसों।** भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर देवनरी में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें आठ टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संरक्षक श्री डीडी भगनानी ने फीता काटकर किया। विद्यालय की तरफ से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में कुमारी आसिया बानो, कुमारी नीलू यादव एवं विशाल कुशवाहा और सुजीत यादव को अपने-अपने कक्षा वर्ग में टीमों के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कृत करते हुए एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक मानसिक विकास समुचित रूप से विकसित होता है। ऐसे ही बच्चे आगे चलकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष देवराज उपाध्याय ने आए हुए समस्त अतिथियों और अध्यापक तथा बच्चों के प्रति आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में सलीम टाइगर, गुलाबचंद तिवारी, गोविंद सिंह, अमन मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, पवन तिवारी, संजय शर्मा, प्रमोदित एवं प्रांजल सहित आदि उपस्थित रहे।

# फरार चल रहे इनामी बमबाज गुड्डू मुस्लिम का मकान कुर्क, भारी फोर्स रही तैनात

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी फरार चल रहे बमबाज गुड्डू मुस्लिम का मकान और उसके घर के सामान को पुलिस ने मंगलवार को कुर्क कर दिया। चकिया इलाके के चक निरातुल स्थित मकान पर पहुंची पुलिस ने यह कार्रवाई की। गुड्डू मुस्लिम पर पुलिस ने पांच लाख का इनाम घोषित किया है। बड़ी संख्या में फोर्स के साथ पहुंची पुलिस ने यह कार्रवाई की। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील रहा।24 फरवरी को हुए उमेश पाल हत्याकांड में गुड्डू मुस्लिम सीसीटीवी फुटेज में नजर आया था। वह लगातार बमबाजी कर मौके पर दहशत पैदा कर रहा था। उसमें उमेश पाल के गनर को बम से हमला कर जख्मी कर दिया था, जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। घटना के बाद से वह फरार चल रहा है। पुलिस की कई टीमें उसकी खोजबीन में जुटी हैं, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है।उसका मकान चकिया के चकनिरातुल इलाके में सकरी गली में है। इसके चलते मकान को ढहाया नहीं जा सका। पुलिस ने मकान को कुर्क करने के साथ ही उसमें रखे सामान को भी जब्त कर लिया है। उमेश पाल की हत्या के बाद से ही परिवार के लोग भूमिगत हैं। पुलिस ने इसको पहले ही सील कर दिया था। अब कुर्की की कार्रवाई की गई । उमेश पाल हत्याकांड में खुलेआम बम बरसाने वाले माफिया अतीक अहमद के बम बाज गुड्डू मुस्लिम पर पुलिस ने फिर से शिकंजा कसा है। मंगलवार को प्रयागराज के धूमनगंज पुलिस ने भगोड़ा घोषित किए गए बमबाज गुड्डू मुस्लिम के घर पर कुर्की की कार्रवाई की। दरसअल प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने गुड्डू मुस्लिम के इस मकान को सील किया था। आज पीडीए से अनुमति लेकर पुलिस ने गुड्डू के घर का ताला तोड़ा और एक एक कर सारे सामानों को बाहर करके कुर्की की कार्यवाही की। इस दौरान पुलिस ने ढोल नगाड़ा पिटवा कर आसपास के लोगो को कुर्की की इस कार्यवाही के बारे में जानकारी भी दी।उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी गुड्डू मुस्लिम के बम से ही उमेश पाल की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी की मौत हुई थी। घटना के बाद से गुड्डू मुस्लिम और अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन साथ में फरार हुए थे, तब से आज तक किसी का सुराग नही लगा है। पुलिस ने फरार गुड्डू मुस्लिम पर पांच लाख का इनाम भी रखा है। पुलिस ने इससे पहले गुड्डू मुस्लिम के शिवकुटी वाले मकान को गैंगस्टर की धारा 14 -1 में कुर्क किया था। गुड्डू मुस्लिम की तलाश में एसटीएफ और पुलिस ने उड़ीसा छतीसगढ़ मुम्बई, दिल्ली और पुणे तक की खाक छानी, लेकिन अतीक का ये शातिर बमबाज अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, अशरफ की पत्नी जैनब, अतीक का शूटर अरमान, साबिर और गुड्डू मुस्लिम लगातार ठिकाना बदल बदल कर फरारी काट रहे हैं, जिससे पुलिस को इनकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है। एसपी वरुण कुमार का कहना है कि सभी आरोपियों पर कुछ इनपुट मिला है, जल्द ही रिजल्ट सामने होगा।

## इनामी बदमाश साथी संग तमंचा-गांजा के साथ गिरफ्तार

**प्रयागराज।** पुलिस टीम ने 15 हजार के इनामी बदमाश व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से तमंचे और एक किग्रा से अधिक गांजा बरामद किया गया है। एसीपी सोरांव पंकज लवानिया ने बताया कि शिवजी तिवारी निवासी सराय पद्मावत विभिन्न आपराधिक मुकदमों में वांछित था। उस पर 15 हजार का इनाम था।प्रभारी निरीक्षक कुशल पाल सिंह व चौकी प्रभारी लालगोपालगंज सूर्य प्रकाश दुबे टीम के साथ गश्त पर थे। सोमवार सुबह करीब 10:40 बजे प्रयागराज-रायबरेली कठौवा पुल मोड़ के पास शिवजी तिवारी निवासी सराय पद्मावत थाना नवाबगंज को व उसके साथी राजेश को गिरफ्तार कर लिया। राजेश सिंह के पास से एक 12 बोर तमंचा, एक कारतूस और एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया गया। शिवजी तिवारी लूट के मुकदमे में वांछित था। शिवजी तिवारी पर जनपद प्रयागराज के कैंट, नवाबगंज, सोरांव, ऊंचाहार व रायबरेली में करीब आठ मुकदमे दर्ज हैं। राजेश सिंह पर भी प्रयागराज के नवाबगंज, कैंट, सोरांव, ऊंचाहार व रायबरेली में चार दर्ज मुकदमे हैं। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल शैलेश मिश्रा, कांस्टेबल प्रदीप कुमार दुबे, कांस्टेबल आकाश कुमार रहे।

## न्यूज झरोखा

### हवन कर पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्य का समापन, 12करोड़ 5 हजार पार्थिव शिवलिंग का हुआ विसर्जन



**घूरपुर।** पिछले माह नवंबर से संकल्प लिए गए 11करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्य मंगलवार के दिन 12करोड़ 5हजार निर्माण करने के बाद हवन कर विशाल कार्यक्रम का समापन किया गया। भक्ति गीतों की रसधारा में भक्त जमकर झूमे। इस बीच विधि पूर्वक भगवान शिव मां पार्वती सहित भगवान श्री राम और माता सीता औरश्री राम भक्त हनुमान जी की विशेष रुप साज सज्जा कर पूजा अर्चना, आरती और हवन किया गया। भंडारे के साथ प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के महायज्ञ अधिष्ठाता स्वामी बृजेशानंद जी महाराज ने सहयोगियों सहित श्रद्धालुओ को आशीर्वाद देते हुए विशाल कार्यक्रम को सफलता हेतु कृतज्ञता प्रकट किए। कार्यक्रम में विशेष रूप से दिन रात कड़ी मेहनत कर सफल बनाने में,मीडिया प्रभारी शिवम द्विवेदी, ऋषभ द्विवेदी , रमा शंकर तिवारी, सोनू झक्की, दिनेश केसरवानी ,मकल्लु केसरवानी,जितेंद केसरवानी, ज्ञान गोस्वामी, यश गोस्वामी को अधिष्ठाता स्वामी बृजेशानंद जी महाराज ने आशीवार्द के साथ ही सम्मानित किए।

### लाभांश बढ़ोतरी को लेकर एक जनवरी से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे कोटेदार



**करछना।** तहसील के कोटेदारों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को करछना तहसीलदार गणेश प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। जिसमे मांगे पूरी न होने पर एक जनवरी से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। ऑल इंडियन फेयर प्राईस शाप डीलर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गणेश प्रसाद द्विवेदी , तहसील अध्यक्ष शिव पुजन केसरवानी, करछना ब्लाक अध्यक्ष रमा शंकर पांडेय, कौंधियारा ब्लाक अध्यक्ष राजू केसरवानी व सूर्य मणि द्विवेदी की अगुवाई में कोटेदार जमा हुए। इसके बाद तहसीलदार करछना को अपनी मांगों से जुड़ा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम से ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि अन्य प्रदेशों की भांति उत्तर प्रदेश के कोटेदारों के लाभांश में भी वृद्धि की जाए। लाभांश वृद्धि की मांग लंबे समय से की जाती रही है। हरियाणा, गोवा, दिल्ली में 200 रुपये प्रति क्विंटल, महाराष्ट्र में 250 रुपये, उत्तराखंड में 180 रुपये प्रति क्विंटल और गुजरात में बीस हजार रुपये प्रति कोटेदार मानदेय दिया जा रहा है। जबकि उत्तर प्रदेश में अभी भी 90 रुपये प्रति क्विंटल का लाभांश कोटेदारों को दे रही है। इसे बढ़ाने की मांग पूरी न की गई तो एक जनवरी से हड़ताल की जाएगी।

### गरीबों को मुफ्त कंबल वितरण समारोह ग्राम छीतेमऊ में हुआ

**मऊआइमा।** मऊआइमा छीतेमउ गांव में इस भीषण ठंड को देखते हुए गरीबों को एम एम ग्रुप जो हर वर्ष कंबल वितरित कराता है उसके चेयरमैन मसरुर सेठ की ओर से कंबल वितरित किया गया। मऊआइमा के ग्राम छीतेमऊ में मंगलवार को एम एम ग्रुप के चेयरमैन वरिष्ठ समाज सेवी मसरुर सेठ की ओर से हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी पूर्व ग्राम प्रधान मुस्तकीम उल्ला के दरवाजे पर दो सौ गरीबों को कंबल वितरित कर पुण्य का कार्य किया गया।इस अवसर पर गुलाम सरवर,असद उल्ला,सलाह उद्दीन, मंजूर,अच्छे,चमन भाई, रामराज, अमरनाथ सरोज, राजेन्द्र गौतम, शम्भू लाल पटेल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### रुद्र प्रताप सिंह अ.भा. महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के जिला सचिव मनोनीत

**प्रतापपुर।** अखिल भारतीय महाराणा प्रताप सेवा संस्थान प्रयागराज के अध्यक्ष राजकुमार सिंह एवं प्रमुख महासचिव विश्वनाथ प्रताप सिंह की संस्तुति पर हरभानपुर गांव निवासी रुद्र प्रताप सिंह को अखिल भारतीय महाराणा प्रताप सेवा संस्थान का जिला सचिव मनोनीत किया गया है।संगठन द्वारा रुद्र प्रताप सिंह से यह अपेक्षा की गई है कि पद की गरिमा व सम्मान बनाएं रखते हुए संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को अनुशासन के साथ निभाएंगे और समाज को संगठित करते हुए उनके मान, सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे।

### औद्योगिक क्षेत्र में किशोरी को अगवा करने का आरोप

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थाना के एक गांव में रहने वाली एक किशोरी को उसके रिश्तेदार का लड़का ही बहला फुसलाकर भगा ले गया। नाबालिक बेटी को ढूंढने में परेशान पिता ने औद्योगिक थाने में नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ में बताया है कि आरोपीगण उसकी बेटी को बहला फुसलाकर बड़ी बेटी की शादी के लिए रखे गए गहने एवं सात लाख रुपए नगद भी उठा ले गए हैं। औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत एक गांव निवासी 15 साल की किशोरी गत दिवस अचानक घर से लापता हो गई। घरवालों ने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। बाद में जानकारी हुई कि किशोरी उनके करछना थाना क्षेत्र के हिनौती महोरी गांव के रहने वाले उसके रिश्तेदार में यहां है। लड़की के पिता का आरोप है कि उसके रिश्तेदार की बहन और मां ने मिलकर उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अगवा कर लिया है। उसने बताया कि 20 दिसंबर को उसकी बड़ी बेटी की सगाई थी। जिसके लिए उसने खेत बेचकर सात लाख रुपए इकट्ठा किए थे और गहने बनवाए थे। जिसे उसकी छोटी बेटी आरोपियों के बहकावे में आकर अपने साथ लेकर चली गई है।

### समेकित शिक्षा) नोडल टीचर का द्वितीय चरण प्रशिक्षण प्रारंभ

**मांडा।** समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा योजना अंतर्गत नोडल टीचर के द्वितीय बैच का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन मंगलवार को बीआरसी के सभागार में प्रारंभ किया गया। उक्त प्रशिक्षण दिनांक 26 से 30 दिसंबर तक चलेगा।प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी राजीव प्रताप सिंह के द्वारा सरस्वती मां के माल्यार्पण कर नोडल टीचरो को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। खंड विकास के स्पेशल एजुकेटर विनोद कुमार मिश्रा एवं फूलचंद ने मास्टर ट्रेनर के रूप में नोडल टीचरो को दिब्यागता की पहचान तथा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में आने वाले अवरोधों के विषय में चर्चा करने के बाद उन्हे प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में राज किशोर ,हरिश्चंद्र केसरी, आशीष पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

### शिक्षक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**हनुमानगंज।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता पांडेय का गृह ब्लॉक आगमन पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। गीता पांडेय को बीते शनिवार न?ई दिल्ली में कार्यकारिणी की बैठक में निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। गीता पांडेय ने शिक्षक संघ के साथियों को संबोधित करते हुए कहा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष में सदैव अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उनके स्वागत में बहादुरपुर ब्लॉक अध्यक्ष धनंजय सिंह, मंत्री सुनील जायसवाल, कोषाध्यक्ष शांतनु मालवीय तथा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी, जिलामंत्री प्रशांत ओझा, जिला कोषाध्यक्ष अजय सिंह, शिक्षक रत्नेश सिंह, सुशील सिंह, विनय पांडेय, विभूति नारायण, राहुल मिश्रा, पूनम शर्मा, मीरा दुबे, श्वेता पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### कैलाश बाबू को मिली शंकरगढ़ की कमान


**शंकरगढ़।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की नगर पंचायत शंकरगढ़ की नई इकाई का गठन किया गया। शंकरगढ़ में हुई एक बैठक में कैलाश बाबू उर्फ राजू को अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष चंद्र निधान पांडेय ने बताया कि नगर पंचायत शंकरगढ़ में उपाध्यक्ष के दो पदों पर विनय केसरवानी, अनिल सोनी, सहसंयोजक के पद पर भोला केसरवानी व रितिक केसरवानी, सहमंत्री अभिषेक केसरवानी व सुमांशु और नगर संयोजक पद की जिम्मेदारी अमित केसरवानी को दी गई। इस मनोनयन पर सभी ने एक स्वर से सहमति जताई। जिलाध्यक्ष यमुनापार ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के हित में आगे आने का आह्वान किया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्राका आयोजन किया गया

**मऊआइमा।** पूर्व ब्लाक प्रमुख सुधीर मौर्या यूथ बिग्रेड की ओर से विकसित भारत का आयोजन किया गया ।ब्रिगेड की ओर से ,प्रधान प्रतिनिधि राजबहादुर मौर्य ,ऋषि प्रजापति क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय पटेल सुरेंद्र कुमार समाज सेवक ,बीडीओ मऊआइमा, एडीओ पंचायत मऊआइमा एवं समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित रहे।

### मकान बना रहा मजदूरों को आरोपियों ने पीटा

**मांडा।** क्षेत्र की भवानीपुर में मकान बना रहे मजदूरों को पांच आरोपियों ने मिलकर धुनाई कर दी। बता दे कि मांडा क्षेत्र के भवानीपुर निवासी नवनीत शुक्ला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि हम मजदूर लगाकर मकान का निर्माण करा रहे थे इसी बीच गांव के ही रंगनाथ मिश्र, रमेश, सुरेश, रूपेश, उमेश, ने मिलकर बीना कारण के गालियां देते हुए काफी मारा पीटा।वही पुलिस तहरीर पाकर मामले की जांच कर रही हैं।



## हाईकोर्ट समाचार

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी, शादी से इन्कार खुदकुशी के लिए दुष्प्रेरित करना नहीं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल तय शादी से इन्कार करना खुदकुशी के लिए दुष्प्रेरित करना नहीं माना जा सकता। इसी के साथ कोर्ट ने वाराणसी के भेलूपुर थाने में खुदकुशी के लिए दुष्प्रेरित करने व दहेज की मांग पूरी न होने पर शादी तोड़ने के आरोप में एसीजेएम की अदालत में चल रहे आपराधिक केस कार्यवाही को रद्द कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने अंबेश मणि त्रिपाठी की धारा 482 के तहत दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी व अभिनव गौर ने बहस की। इनका कहना था कि खुदकुशी करने वाली लड़की ने नोट में याची को अपनी मौत के लिए दोषी नहीं माना है। युवती के पिता ने खुदकुशी के लिए उत्प्रेरित करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। कहा-दहेज की मांग पूरी न करने पर सगाई से पहले शादी तोड दी, जिससे पीड़िता ने खुदकुशी कर ली। याची अधिवक्ता का कहना था कि शादी से इन्कार कर देना खुदकुशी करने के लिए दुष्प्रेरित करना नहीं माना जा सकता। एफआईआर के आरोपों से साफ है कि याची ने कभी उकसाया नहीं था। सरकारी वकील व शिकायतकर्ता का कहना था कि दहेज के लिए शादी से इन्कार खुदकुशी की वजह थी। इसलिए याची पर खुदकुशी के लिए दुष्प्रेरित करने का अपराध बनता है। जिसे कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव के चलते दुष्प्रेरित का अपराध मानने से इन्कार कर दिया और केस कार्यवाही रद्द कर दी।





# मोदी की गारंटी यानी हर गरीब के चेहरे पर खुशियों की गारंटी : नन्दी


## मंत्री नन्दी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के नैनी में छिवकी स्टेशन के रामलीला मैदान में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का स्वागत किया। इस दौरान मंत्री नन्दी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके अनुभव को जाना और जनहितैषी योजनाओं के बारे में आम जनमानस को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की शपथ दिलाई। मंत्री नन्दी ने कहा कि मोदी की गारंटी यानी हर गरीब के चेहरे पर खुशियों की गारंटी है। मंत्री नन्दी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। देश के विकास और गरीब कल्याण के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न नीतियों से क्षेत्र की जनता का जुड़ाव व लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देख बहुत अच्छा लगा। आज भारत के कोने-कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से गांवों, कस्बों तथा शहरों में रोज लाखों लोग जुड़ रहे हैं। अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति तथा विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में यह यात्रा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर प्रयागराज महानगर प्रभारी महेश चंद श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, नैनी मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, ज्ञानेश्वर शुक्ला, बबलू तिवारी, ओम प्रकाश मिश्र, विनोद तिवारी, नरसिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत दुबे, श्याम मिश्र, समर सिंह, विनय सिंह, गीता श्रीवास्तव एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अधिकारियों ने खुद से निर्माण गिराने की दी आखिरी बार चेतावनी

पीडीए के अधिकारियों ने एक एक दुकान व घर जाकर खुद दी चेतावनी





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर महाकुम्भ के लिए लेप्रोसी चौराहे से मेवालाल की बगिया तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण वाले मार्ग पर मंगलवार को पीडीए के अधिकारियों ने नाप की। उन्होंने क्षेत्रवासियों से चिन्हीकरण तक हुए अतिक्रमण को खुद गिराने की बात कही। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से पहुंचे जोनल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय, भवन निरीक्षक कुवंर आंनदव अन्य ने हनुमान नगर से मलहरा रेलवे फाटक तक एक एक दुकान व घर जाकर खुद से नोटिस में दिए गए समय पर खुद से अतिक्रमण हटाने के लिए जोर दिया। जोनल अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगो ने अपने से चिन्हीकरण किये गए स्थान से अतिक्रमण हटा लिया, लेकिन कुछ लोगों ने अभी अतिक्रमण नही हटाया है। सभी को आखिरी बार चेतावनी दी गई है कि वह खुद से अतिक्रमण हटा लें।

# रोजगार मेले में कुल 222 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 222 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 376 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। चन्द्र कान्त सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रयागराज उपस्थित रहे एवं इनके द्वारा बेरोजगार नवयुवकों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी साथ ही उन्होने यह भी कहा कि जिन अभ्यर्थियो का चयन न हो पाया हो वे आगामी होने वाले रोजगार मेला में प्रतिभाग कर सकते हैं । इस कार्यक्रम में कार्यालय के मेला प्रभारी अधिकारी प्रशांत तथा मेला प्रभारी मारूफ अहमद व कार्यालय के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मेले में कैरियर काउंसलिग का कार्य राम भरोसे वर्मा, अनु0 द्वारा किया गया।

# अवैध प्लाटिंग पर चला पीडीए का बुल्डोजर



**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थाना के सड़वा कला गांव में अवैध तरीके से हो रही 15 बीघे की प्लाटिंग में प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुल्डोजर चला। कार्रवाई से क्षेत्र में प्लाटिंग करने वालो में हड़कंप मचा रहा। कार्रवाई के दौरान पीएडीए के अधिकारी, प्रवर्तन दल व औधोगिक क्षेत्र की फोर्स मौजूद थी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण जोन चार के उपजोन (बी) के जोनल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में सड़वा कला क्षेत्र में मानक के विपरीत( पीडीए से स्वीकृत लिए बिना) हो रही 15 बीघे में हुई अवैध तरीके से प्लाटिंग पर बुल्डोजर चला। लगभग 20 करोड़ रुपये से अधिक प्लाटिंग पर बनाई गई बाउंड्रीवाल को जेसीबी से ढहा दिया गया। इस दौरान प्लाट खरीदने वालों ने प्लाटर पर कार्रवाई की मांग करते हुए उनकी बाउंड्री वाल को न गिराए जाने की गुहार लगाई। भवन निरीक्षक कुवंर आंनद ने बताया कि क्षेत्र में लगातार अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान पीडीए के अवर अभियन्ता अमित तोमर, पीडीए की प्रवर्तन टीम एवं थाना औद्योगिक क्षेत्र की फोर्स मौजूद थी।

# अखिल भारतीय प्रा. शिक्षक संघ की बैठक में गीता पांडेय निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित



**प्रयागराज।** विगत शनिवार को नई दिल्ली में संपन्न हुई। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी बैठक में गीता पांडेय को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। गीता पांडेय का मंगलवार को प्रातः अपने गृह विकासखंड बहादुरपुर प्रयागराज में प्रथम आगमन पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रयागराज की ब्लॉक इकाई बहादुरपुर के नव निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष धनंजय सिंह, ब्लॉक मंत्री सुनील जायसवाल तथा ब्लॉक कोषाध्यक्ष शांतनु मालवीय के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में विकासखंड बहादुरपुर के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भव्य स्वागत किया।अपने साथियों के द्वारा अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत होकर गीता पांडेय ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार के अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने में, वह सदैव उनके साथ हैं बशर्ते वह अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करते रहें।इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संगठन प्रयागराज के जिलाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी, जिलामंत्री प्रशांत ओझा तथा जिला कोषाध्यक्ष अजय सिंह, शिक्षक साथी रत्नेश सिंह, सुशील सिंह, विनय पांडे, विभूति नारायण, राहुल मिश्रा, पूनम शर्मा, मीरा दुबे, श्वेता पांडेय उपस्थित रहे।

# कायस्थ पाठशाला के चुनाव में डॉ सुशील सिन्हा 18 मतों से विजयी



**प्रयागराज।** एशिया के सबसे बड़े ट्रस्ट कायस्थ पाठशाला के चुनाव में डॉ. सुशील कुमार सिन्हा अध्यक्ष चुन लिए गए। काफी गहमागहमी के बीच हुई मतगणना में केपी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्रनाथ सिंह को डाक्टर सुशील कुमार सिंहा नें 18 मतों से पराजित किया। उनके विजयी होने की सूचना पर समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई और सभी एक दूसरे को बधाई देने लगे। गौरतलब हो कि चौथे चरणकी गिनती के बाद हुई घोषणा में डाक्टर सुशील कुमार सिन्हा को 128 मतों से जीत मिली थी। लेकिन दोबारा हुई मतगणना में जीत हार का अन्तर 18 मतों का रहा।बता दें कि केपी ट्रस्ट के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में थे जबकि कार्यकारिणी सदस्यों के 20पदों पर 64 प्रत्याशिय अपना भाग्य आजमा रहे थे।कार्यकारिणी की मतगणना बुधवार को होगी।कायस्थ पाठशाल में अध्यक्ष व कार्यकारिणी के चुनाव के लिए सोमवार को मतदान हुआ था। जिसमें 35 हजार वोटों में मात्र 9563 वोट पड़े थे और मतगणना मंगलवार को हुई। शुरूआत से ही सुशील सिन्हा बढ़त बनाए रहे, जो अंत तक कायम रही। सभी विपक्ष के लोग डॉ सुशील कुमार सिन्हा के पक्ष में थे। बीते रविवार को दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों में जमकर मारपीट हो गई थी। जिसमें डेढ़ सौ से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। यह चुनाव दोनों प्रत्याशियों के लिए प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ था। कई दशक से अध्यक्ष पद पर काबिज रहे चौधरी परिवार भी इस चुनाव में दो खेमों में बंटा नजर आया। चौधरी जितेंद्रनाथ सिंह और यूपी सरकार के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जहां राघवेंद्रनाथ के समर्थन में दिखे, वहीं ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष और एमएलसी चौधरी केपी श्रीवास्तव और टीपी सिंह डॉ सुशील सिन्हा के समर्थन में नजर आए।डाक्टर सुशील कुमार सिन्हा की जीतपर अधिवक्ता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, कुन्दन श्रीवास्तव,धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव आदि लोगों ने खुशी जाहिर की।

# प्रमोद तिवारी ने सौंपी सड़क परियोजना की सौगात, गदगद हुए श्रद्धालु

## वार्षिकोत्सव में विधायक मोना की ओर से भी ढ़ाई लाख की मेधावियों को मिली सौगात

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम से सटे सई पार पवित्र करील वृक्ष के सौन्दर्यीकरण की भी मंगलवार को एक सुनहली कड़ी जुड़ उठी। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से लालगंज घुइसरनाथ सांगीपुर हाइवे से पवित्र करील वृक्ष स्थली तक के लिए पचीस लाख रुपए की लागत से चार सौ मीटर सड़क परियोजना की सौगात पाकर श्रद्धालु मगन हो उठे दिखे।

वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिविधान से पूजन अर्चन के बीच राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पवित्र करील वृक्ष स्थली सौन्दर्यीकरण योजना के लोकार्पण समारोह में श्रद्धालुओं को सड़क सौगात समर्पित किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने जैसे ही बाबा धाम के सई पार करील वृक्ष स्थली सड़क परियोजना का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। वहां मौजूद संत महात्माओं के साथ श्रद्धालुओं में बाबा घुइसरनाथ जी का जयघोष गूंज उठा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पवित्र करील वृक्ष के दर्शन के लिए अब श्रद्धालुओं तथा यहां आने वाले पर्यटकों को आवागमन की क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के इस सकारात्मक प्रयास से सुविधा में बढोत्तरी मिल सकी है। उन्होंने कहा कि बाबा घुइसरनाथ धाम को प्रदेश और देश का सर्वश्रेष्ठ धाम विकसित करने के लिए उनका तथा विधायक आराधना मिश्रा का पवित्र संकल्प दिनोंदिन मजबूत आयाम लेता दिखेगा। लोकार्पण समारोह में पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी का करील वृक्ष स्थली पर आध्यात्मिक संगत द्वारा अभिषेक व सम्मान भी किया गया। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने अमर वृक्ष करील के दर्शन पूजन कर लोक मंगल के साथ रामपुर खास के निरंतर सुदृढ़ विकास की प्रार्थना भी की। इसके पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी पूरे नरायनदास स्थित पीकेबीडी इण्टरनेशनल कालेज के वार्षिकोत्सव में भी बतौर मुख्यअतिथि शामिल हुए। सांसद प्रमोद तिवारी ने यहां भी क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से विद्यालय के शिक्षण कक्ष निर्माण के लिए विधायक निधि से ढाई लाख रुपए की मेधावियों को सौगात सौंपी। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि छात्र एवं छात्राओं को विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए सशक्त नागरिक की क्षमता के उददेश्य से शिक्षादान दिया जाना चाहिए।

उन्होनें कहा कि रामपुर खास में विकास की आत्मनिर्भरता के लिए शैक्षिक परिवेश को मजबूत बनाए रखा जाएगा। प्रधानाचार्या संगीता भालोटिया ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष उमाकान्त बरनवाल तथा संचालन प्रधान बृजकिशोर तिवारी ने किया। संयोजक रमाकांत बरनवाल ने आभार प्रदर्शन किया। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका। वह लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर पहुंचे। यहां कार्यकताओं तथा स्थानीय नागरिकों से मुलाकात भी की। सांसद प्रमोद तिवारी कैम्प कार्यालय पहुंचे क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं भी सुंनी तथा इनके निराकरण कराए जाने को लेकर सम्बन्धित अफसरों को निर्देशित भी किया। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, केडी मिश्र, आचार्य राजेश मिश्र, आशुतोष मिश्र, छोटे लाल सरोज, पप्पू तिवारी, राकेश त्रिपाठी, दिनेश सिंह, भुवनेश्वर शुक्ला, राकेश चतुर्वेदी, पंडित दुबे, मुरलीधर तिवारी, जगदीश नारायण तिवारी, डा. अमिताभ शुक्ल, दृगपाल यादव, गुडडू सिंह, अरविंद मिश्र, हनुमत सिंह, सत्येन्द्र सिंह आदि रहे।



पूरे नरायनदास में वार्षिकोत्सव में बोलते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी

# रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, पैंतालिस लोगों के खिलाफ केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर मारपीट व धमकी. की घटना में पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर पैंतालिस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया हैं। लालगंज कोतवाली के पूरे गनेश भदारी कला गांव निवासी लालजी वर्मा पुत्र रामसुंदर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेईस दिसंबर की शाम साढ़े सात बजे रंजिश को लेकर पूरे गनेश भदारी कला गांव के दशरथ लाल पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, पूजा पाण्डेय पत्नी केदार पाण्डेय तथा पांच अज्ञात लोगों ने जमीनी विवाद को लेकर गालीगलौज करते हुए उसे व परिवार के लोगों को मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पीड़ित बेहोश हो गया।

वहीं विपक्षी गीता देवी पत्नी दशरथ लाल पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश में लालजी वर्मा, रवीन्द्र वर्मा, अनिल वर्मा, हरिकेश वर्मा, दीपक वर्मा व निशा वर्मा पुत्री पारसनाथ वर्मा तथा तीस अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर उसे व परिवार के लोगों को जमकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि दोनों पक्ष की तहरीर पर पैंतालिस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने लावारिश मरीज की सर्जरी किया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिसका कोई नहीं उसका तो खुदा है यारों...। मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों ने लावारिश मरीज की सर्जरी करके धरती के दूसरे भगवान की कहावत को चरितार्थ करने का प्रयास किया हैं। जानकारी के अनुसार कुष्ठ आश्रम गाय घाट में रहने वाले 65 वर्षीय अजय सिंह का कोई नहीं है। कूल्हे की हड्डी टूटने की वजह से उन्हें काफी परेशानी होती थी। आश्रम की इंचार्ज श्रीमती इंदुमती राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के सीएमएस से मिली। उन्हें प्रार्थना पत्र देकर अजय का आपरेशन कराने का आग्रह किया। सीएमएस की संस्तुति पर मेडिकल कालेज के हड्डी के सर्जन डॉ सचिन कुमार ने अजय का फ्री में आपरेशन किया। सर्जरी में जो भी सामान लगना था। उसका इंतजाम उन्होंने खुद से किया। लावारिश मरीज की सर्जरी करने के बाद लोग डाक्टर की सराहना कर रहे हैं।

# तीस लीटर अवैध शराब बरामद, दो पर केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान दो अलग अलग जगहों से कुल तीस लीटर अवैध शराब की बरामदगी की है। पुलिस ने मामले में दो महिलाओं के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक यादव ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार की देर शाम रमनी का पुरवा मेढ़ावां गांव में छापेमारी कर शांति देवी पत्नी खुलई के घर से बीस लीटर अवैध शराब की बरामदगी की। वहीं दरोगा राजेन्द्र राम ने नेकनामपुर गांव की शांति देवी पत्नी स्व. सजनलाल के पास से दस लीटर अवैध शराब बरामद किया। कोतवाल अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि दोनों महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भागवत कथा श्रवण करने से मिलता है मोक्षः आचार्य गणेश प्रसाद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बढ़नी गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में कथा श्रवण को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।

कथाव्यास आचार्य गणेश प्रसाद शुक्ल ने कथा प्रसंग में कहा कि जब कई जन्मों के पुण्य का उदय होता है तब श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का सुअवसर प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि जो मनुष्य सच्चे मन व श्रद्धा से श्रीमदभागवत कथा का श्रवण करता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। मुख्य आयोजक गीता सिंह पत्नी राजेन्द्र प्रताप सिंह ने श्रद्धालुओं का स्वागत तथा रणेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर मृत्युंजय शुक्ल, ज्ञानेन्द्र सिंह, सुरेश शुक्ल, नीरज, राजाराम सिंह, शरद सिंह, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

# चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत

**प्रतापगढ़।** कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के मवई दुवर नदी के पास बेकाबू एक चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही बाइक पर सवार पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। पति-पत्नी बाइक से मानिकपुर जा रहे थे तभी ढिकुही के पास दुर्घटना के शिकार हो गये। दुर्घटना होने पर आसपास के लोग दौड़कर भागे लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों के शव को कब्जे में लिया और अन्त्य परीक्षण के लिये जिला अस्पताल भेजवाया। टक्कर मारने वाली कार भागने में सफल रही। मामले की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# लाभांश वृद्धि समेत समस्याओं को लेकर कोटेदारों ने भरी हुंकार

## सम्मेलन में पहली जनवरी से खाद्यान्न वितरण के बहिष्कार को लेकर हुई गर्जना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज ब्लाक सभागार में मंगलवार को कोटेदारों का तहसील स्तरीय एक दिनी सम्मेलन सम्पन्न हुआ। उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के बैनरतले सम्मेलन में ऑल इण्डिया फेयर प्राइज शॉप एवं सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के लालगंज, सांगीपुर, लक्ष्मणपुर व रामपुर संग्रामगढ़ के कोटेदारों ने सम्मेलन के जरिए अपने अधिकारों को लेकर हुंकार भरी। वहीं कोटेदारों ने अन्य प्रदेशों की भांति उत्तर प्रदेश में भी कोटेदारों के लाभांश वृद्धि की मांग की अनदेखी को लेकर आक्रोश भी जताया। सम्मेलन में यह भी ऐलान किया गया कि लाभांश वृद्धि की उनकी मांग सरकार ने नहीं मानी तो आगामी पहली जनवरी से कोटेदार अपने खाद्यान्न वितरण कार्य का बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

इस मांग का आदर्श कोटेदार वेलफेयर एसोशिएसन ने भी समर्थन करते हुए कोटेदारों के प्रदेश में तीनों संगठनों की ओर से आंदोलन को लेकर सहमति जताई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आल इण्डिया फेयरप्राइज शॉप के जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि इस समय हरियाणा, गोवा व दिल्ली में कोटेदारों को दो सौ रुपए प्रति कुंतल लाभांश तथा महाराष्ट्र में ढाई सौ रुपए प्रति कुंतल कोटेदारों को लाभांश दिया जा रहा है। उन्होनें कहा कि सबसे दयनीय दशा उत्तर प्रदेश में नब्बे रुपए लाभांश का भुगतान कर कोटेदारों के घर की खुशहाली छीनी गयी।

सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के जिलाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कोटेदारों के मानसिक प्रताड़ना को लेकर भी सरकार से कड़े कदम उठाए जाने की मांग की। उन्होनें कहा कि कोटेदारों के खिलाफ गांव की स्थानीय राजनीति के चलते भ्रामक शिकायतों की कमेटी गठित कर जांच कराने के बाद ही कार्रवाई होनी चाहिए। सम्मेलन का संचालन प्रदेश प्रवक्ता अंकित सिंह ने किया। सम्मेलन को कप्तान सिंह, कविता सिंह, जिला महासचिव सुरेश प्रताप सिंह, सूरज सिंह, अजय सरोज, राजू सिंह, राजकुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, सोनू त्रिपाठी, निसार अहमद, सुरेश सिंह, चंद्रशेखर वर्मा, रमापति दुबे आदि ने संबोधित किया। इसके बाद कोटेदार संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित डीएम के माध्यम से भेजवाये जाने वाले ज्ञापन को पूर्ति निरीक्षक राजीव सिंह को सौंपा। सम्मेलन में कोटेदारों की भारी तादात देखकर अतिथियों तथा आयोजकों के चेहरे ाी खिल उठे दिखे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया गया शहीद वीर बाल दिवस

## बाबागंज स्थित गुरुद्वारे में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में श्री गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलदानी दिवस के रूप में मनाया गया। बाबागंज प्रतापगढ़ स्थित गुरुद्वारे पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं सदर विधायक राजेंद्र मौर्य सहभागिता में बलिदानी बीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया।

सदर विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन से अवगत कराया कि 22 दिसंबर सन 1704 को चमकौर के मैदान में 10 लाख सैनिकों के सामने युद्ध करते हुए गुरु गोविंद सिंह के बड़े बेटे अजीत एवं जुझार सिंह शहीद हुए। 27 दिसंबर 1704 को गुरु गोविंद सिंह के बेटे जोरावर सिंह 8 वर्ष एवं फतेह सिंह 5 वर्ष ने इस्लाम ना कबूल करने पर सरहिंद के नवाब ने जिंदा ही दीवार में चुनवा दिया था। बलिदान हुए ऐसे राष्ट्र सपूतों के शहादत को भुलाया नहीं जा सकता एवं युगों युगों तक याद किया जाएगा और उनके इस बलिदान पर 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप मनाया जाता रहेगा। साथ सहभागिता में रहे भाजपा जिला महामंत्री राजेश, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी, जिला मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव, जिलामंत्री राम आसरे पाल, मंडल उपाध्यक्ष रजत सक्सेना, नगर अध्यक्ष अलोक गर्ग, अश्वनी पाण्डेय, रोहित सिंह, सहित पदाधिकारी कार्यकताओं सहित सम्मानित जनों की उपस्थिति रही।


गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विधायक व जिलाध्यक्ष।

# मनकापुर के प्रख्यात साहित्यकार ईश्वर चन्द्र के सम्मान में हुई काव्य गोष्ठी

## सृजना कुटीर में जुटे साहित्यकार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा मनकापुर से आए प्रख्यात साहित्यकार ईश्वर चन्द्र मेहदावली के सम्मान में सृजनाकुटीर अजीतनगर प्रतापगढ़ में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में काव्यपाठ करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि दी। आया प्यारा जन्मदिन, कवे अटल का आज। मना रहे हैं मिल सभी, सुंदर सभ्य समाज।

अध्यक्षता करते हुए लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने उत्साहवर्धक रचना पढ़ी चिर विजय का स्वप्न हूं मन में संजोए, शूल में मैं फूल बनकर खिल रहा हूं। मैं अडिग चट्टान पर्वत की शिला हूं, व्योम से देखो सहज ही मिल रहा हूं। कवि कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने अपनी रचना से सबको सावधान किया। प्राणियों के काम यदि आ सके नहीं तो तुम, आदमी की खाल में वसुंधरा पे भार हो। कवि श्रीनाथ मौर्य सरस ने काव्य पाठ से सबको प्रभावित किया। बड़ा छोटा सा घर मेरा, बड़ी छोटी सी बगिया है, यहीं रहते मेरे मां-बाप बड़ी प्यारी सी दुनिया है। कवि कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री ने काव्यपाठ करके तालियां बटोरी। ठंडी-ठंडी निमिया के छांव, हे सखी याद आवै हमरा के गांव। संचालन श्रीनाथ मौर्य सरस ने किया। काव्यपाठ करने वालों में अनिल कुमार निलय, अमर नाथ गुप्ता बेजोड़, राधेश्याम दीवाना इत्यादि प्रमुख रहे।



सृजना कुटीर में आयोजित काव्य गोष्ठी में बोलते दयाराम मौर्य रत्न।

# ट्रेन की चपेट में आने से गाय कटी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ और प्रयागराज रेल खण्ड पर कुसुमी फाटक के पहले मंगलवार को सुबह दो गाय ट्रेन की चपेट में आने से कट गई। उनका कटा हुआ शरीर ट्रैक के किनारे पड़ा था। घटना के बाद ट्रेन आगे जाकर रुक गई। सूचना पर पहुंचे गेट मैन ने कटी गाय को ट्रैक से हटवाया तब जाकर ट्रेन आगे बढ़ी। बताया जाता है कि सरयू एक्सप्रेस ट्रेन से यह घटना हुई है। इसके पहले भी इस ट्रैक पर नील गाय कट चुकी है।

# कुल्हाड़ी व बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने के क्रम में उ0नि0 रमेश कुमार यादव मय हमराह देखभाल क्षेत्र, चेकिंग के दौरान, थाना लीलापुर क्षेत्रान्तर्गत लोनी नदी के पास से एक व्यक्ति विकास सरोज पुत्र स्व0 नन्दलाल सरोज निवासी बल्दियान थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को एक अदद कुल्हाडी, दो मोबाइल फोन व तीन अदद देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त से बरामदगी के आधार पर थाना लीलापुर पर मु0अ0स0 440/23 धारा 398, 401 व 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि आज रात्रि में मैं और मेरे साथी ऋषभ सरोज व कपिल सरोज हम तीनो द्वारा हण्डौर तिराहे पर एक गुमटी तोडे. थे जब हम लोग गुमटी में तोड़ फोड़ कर ही रहे थे तभी किसी व्यक्ति द्वारा पुलिस को सूचना दे दी थी हम तीनों लोग अलग-अलग दिशा में भाग रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया गुमटी का चोरी का सभी समान मेरे साथियों के पास है जो भाग गये है। उपरोक्त घटना में फरार अभियुक्तों को पुलिस द्वारा जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

# हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज को मिली दोहरी सफलता

## छात्रों ने बढ़ाया कालेज का मान सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कालेज के लिए गौरव शाली क्षण रहा। बताते चले कि प्राचार्य प्रो शैलेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में आये दिन कुछ न कुछ ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। बता दें कि 25 दिसंबर को प्रयाग राज मंडल में चारो जिलों की सड़क सुरक्षा यातायात भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसमें हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज को प्रथम स्थान से नवाजा गया।


भाषण प्रतियोगिता के सम्मानित छात्रगण।

प्रथम स्थान पाने वाले छात्र आदर्श पांडे बी ए तृतीय वर्ष रहे। इसी क्रम में एक और सफलता राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रदेश स्तरीय 10 छात्रों का दल भारत सरकार की तरफ से एडवेंचर कैम्प करने के लिए लिए 28 दिसम्बर को शिमला जा रहा है जिसमें दो छात्रों का नीतीश मणि त्रिपाठी एवं प्रणव पांडे का चयन हुआ है। इस सुखद अवसर पर प्राचार्य ने सभी चयनित छात्रों को माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति प्राचार्य छात्रों के गुणात्मक विकास की ओर सदैव ध्यान रखते हैं। छात्रों के उत्कृष्ट कार्य को देखकर कालेज अध्यक्ष डॉ पूर्णिमा मिश्रा ने सभी छात्रों को अंतर्मन से वधाई दी है। इस ऐतिहासिक अवसर पर सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार उत्तकृष्ट कार्य हेतु सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उक्त सूचना जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।

# ग्राम रोजगार सेवक व मनरेगाकर्मियों की हुई बैठक

## मांगे पूरी न होने पर जतायी नाराजगी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति की मंगलवार को रामपुर संग्रामगढ़ में बैठक हुई। जिसमें आज बुधवार को लखनऊ में मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन का सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया। संघर्ष समिति के रामपुर संग्रामगढ़ अध्यक्ष शिवभूषण शुक्ल व संरक्षक मण्डल के भूपेश कुमार सिंह ने बताया कि दो वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार सेवक एवं मनरेगाकर्मियों के लिए एचआर पालिसी ले आने, ग्राम रोजगार सेवकों की सेवा समाप्त से पहले उपायुक्त मनरेगा की सहमति अनिवार्य करने तथा मनरेगाकर्मियों के जॉब चार्ट में अन्य कार्यो को भी जोड़े जाने समेत अन्य घोषणाएं की गयी थी।

# मेडिकल कालेज में अग्निशमन विभाग ने आग से बचाव की दी जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय सम्बद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रतापगढ़ के पत्र के अनुपालन में नवीन चिकित्सालय भवन डा० सोनेलाल पटेल, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रतापगढ़ के अधिकारियों/कर्मचारियों को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सौभाग्य सिंह की उपस्थिति में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी प्रतापगढ़ की टीम के ली०फा०मैन-राधेश्याम दूबे द्वारा अग्नि सुरक्षा विषय पर व्याख्यान एवं फायर ड्रिल/मॉक ड्रिल कराया गया। कार्यकम के दौरान अग्नि दुर्घटना ग्रस्त भवन के ऊपरी मंजिल में फंसे आहत व्यक्ति को लैडर के माध्यम से सकुशल बाहर निकालने एंव प्राथमिक उपचार करके एम्बुलेंस से हॉस्पिटल भेजवाने का प्रदर्शन किया गया एवं एलपीजी सिलेण्डर में आग लगाकर फायर एक्सटिंग्यूशर से तथा अन्य प्रायोगिक विधियों से आग बुझाने का अभ्यास कराया गया। उपरोक्त कार्यकम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सौरभ सक्सेना, ली०फा०मैन राधेश्याम दूबे, चालक श्रीपाल यादव, फायरमैन विजय बहादुर यादव, अनुभव सिंह, मोहित साहू, रितेश गुप्ता सम्मिलित हुए। कार्यकम की उपस्थित लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।


आग से बचाव की जानकारी देते अधिकारी।

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की चल अचल संपत्ति प्रशासन ने की कुर्क, नोटिस बोर्ड किया चस्पा

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा धुमाई निवासी हेमराज उर्फ राज बाबू पुत्र रामशरण के मुकदमा अपराध संख्या69/2023 धारा 213(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत अर्जित अचल संपत्ति को आज मंगल वार को प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल ने कुर्क किया है। यह कार्रवाई जिला अधिकारी सुजीत कुमार के आदेशानुसार की गई न्यायालय जिलाधिकारी मंडल प्रयागराज वाद संख्या 1086/2023 के तहत की गई है प्रशासन के चलाए गए चाबुक को देखने के लिए ग्रामीणों का मजमा लगा रहा, प्रशासन ने अवैध / अनैतिक कृत्यों से अर्जित धन से क्रय किए जाने के कारण गैंग लीडर हेमराज उर्फ राजबाबू पुत्र रामशरण व विवेक प्रताप सिंह पुत्र राजबाबू सिंह ,धर्म पासी पुत्र जोगी पासी निवासी गण ग्राम सभा धूमाई थाना सैनी जनपद कौशांबी द्वारा अवैध अनुचित तरीके से अर्जित की गई चल अचल संपत्ति को कुर्क की गई जिसमे गाटा संख्या 1435रकबा 0.256 हेक्टेयर जिसकी कीमत 10 लाख रुपए,अभियुक्त विवेक प्रताप सिंह की डस्टर कार कीमत लगभग 5 लाख ,हीरो सुपर स्पेलेंडर कीमत 50 हजार ,न्यू हलैंड ट्रैक्टर जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए अभियुक्त धर्म पासी पुत्र जोगी लाल द्वारा अवैध तरीके से अर्जित चल अचल संपत्ति मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर को तत्काल प्रभाव से कुर्क की गई हैं निर्दिष्ट चिन्हित भूमि और कुर्क की कार्रवाई के दौरान नायब तहसील दार संजय कुमार सैनी कोतवाल जे.के. शर्मा,चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य, पथरावा चौकी इंचार्ज आलोक राज,सिराथू चौकी इंचार्ज चंदन सिंह,लेखपाल मुकेश कुमार सहित भरी पुलिस बल मौजूद रहा इस दौरान क्षेत्र में सनसनी मची रही। गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की चल अचल संपत्ति प्रशासन ने की कुर्क,नोटिस बोर्ड किया चस्पा

## कौशाम्बी पुलिस ने 3 गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

11 लाख कीमत का 70 किलो गांजा बरामद



**कौशाम्बी।** जिले की एसओजी और सराय अकिल थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है,पुलिस टीम ने बाइक सवार 3 युवकों को गिरफ्तार किया है,पुलिस टीम ने युवकों के पास से 11 लाख कीमत का 70 किलो गांजा बरामद किया है,पुलिस ने लिखापढ़ी कर गांजा तस्करो को जेल भेज दिया। मामला सराय अकिल थाना क्षेत्र का है जहा रात्रि गस्त के दौरान एसओजी और सराय अकिल थाना पुलिस ने बाइक सवार फतेहपुर जनपद के दो युवकों अंकित मौर्य,प्रवीण यादव और कौशाम्बी जिले के एक युवक अंचल सिंह को गिरफ्तार कर लिया,पुलिस टीम ने युवकों के पास से 11 लाख कीमत का 70 किलो गांजा बरामद किया है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि एसओजी और सराय अकिल थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन गांजा तस्करो को गिरफ्तार किया है,गांजा तस्करो के पास से पुलिस टीम ने 11 लाख कीमत का 70 किलो गांजा बरामद किया है।तीनों अभियुक्तों को लिखापढ़ी कर न्यायालय पेश किया गया जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया।

## प्रदेश के मुख्यमंत्री आज आयेंगे कौशांबी



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिनांक 27 दिसम्बर-2023 को पूर्वान्ह 11 बजे महेश्वरी प्रसाद इण्टरमीडिएट कॉलेज, आलमचन्द्र, मूरतगंज पहुँचेंगे। मुख्यमंत्री पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे तक महेश्वरी प्रसाद इण्टरमीडिएट कॉलेज, आलमचन्द्र के संस्थापक प्रबन्धक स्व0 देवेन्द्रनाथ श्रीवास्तव जी के स्मृति दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे तत्पश्चात मुख्यमंत्री मध्यान्ह 12:05 बजे महेश्वरी प्रसाद इण्टरमीडिएट कॉलेज से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

कार्यक्रम को लेकर कौशाम्बी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक अन्य अधिकारियों के साथ जायजा लेते।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख सरसंवा का हुआ आकस्मिक निधन



**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा के पूर्व प्रधान पवन कुमार मिश्र के बड़े भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख सरसवां बसन्त लाल मिश्र का मंगलवार सुबह स्वर्गवास हो गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख के देहांत पर परिजनों और शुभचिंतकों के बीच शोक व्याप्त हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार सुबह 10 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पश्चिम शरीरा नहर के उस पार होना सुनिश्चित किया गया है।

## जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर तनाव की स्थिति

अखंड भारत संदेश

**कोखराज थाना का रामपुर सुहेला गांव पहले भी अशांत क्षेत्र में था शामिल**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र का रामपुर सुहेला गांव पहले भी अशांत क्षेत्र में शामिल था इन दिनों फिर एक सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है लेकिन राजस्व लेखपाल और स्थानीय पुलिस मामले को गंभीरता से लेने के बजाय कब्जा धारकों को बल दे रही है जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है तीन दिन पहले जमीन पर कब्जे को लेकर मारपीट भी हो चुकी है लेकिन चौकी पुलिस के ढुलमुल रवैया में सुधार नहीं हुआ है पीड़ित परिवार जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मिला है और शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। बताते चलें कि सुमेरा देवी पासी पत्नी रघुराज पासी निवासी रामपुर सुहेला थाना कोखराज के घर के सामने सरकारी बंजर भूमि संख्या 192 मिलजुमला और इस जमीन पर लगा हुआ सरकारी खड़ंजा पर गांव के बानो पत्नी असलम वा इसरार पुत्र जुम्मन वा सलमा पत्नी सद्दाम ने 23 दिसंबर 2023 को जबरिया कब्जा कर लिया है शिकायत करने के बाद भी पुलिस और लेखपाल ने सरकारी जमीन और खड़ंजा के अवैध कब्जे को नहीं रोका है इसी बात को लेकर के महिला ने शिकायती पत्र दिया था जिससे भन्नाए बानो पत्नी असलम वा इसरार पुत्र जुम्मन वा सलमा पत्नी सद्दाम वा कुरैसा पत्नी खालिक और गांव के खालिक रज्जन इसरार अपने परिवार की महिलाएं बहू बेटियों बेटों के साथ एकत्रित होकर 23 दिसम्बर को लाठी डंडे से महिला और अन्य लोगो पर हमला कर दिया दौड़ा-दौड़ा कर लोगो को मारा गया है लोगो पर जमकर ईट पत्थर बरसाए गए हैं जिससे सुमेरा देवी और आइसा पत्नी सलमान को भी चोट आई हैं बानो और सलमा के ईट पत्थर बरसाने से कुरैसा के भी सिर में पत्थर लग गया जिससे उसे भी चोट आई है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी और कोखराज थाना में दी गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है जिस पर पीड़ित परिवार मंगलवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मिलकर फरियाद कर न्याय की गुहार लगाई है सरकारी जमीन बंजर और सरकारी खड़ंजा में कब्जा करने वाले लोगों से खड़ंजा और सरकारी जमीन खाली कराए जाने सरकारी जमीन और खड़ंजा कब्जा करने में साठगांठ कर लापरवाही करने वाले लेखपाल और पंचायत सचिव पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी कराए जाने और विभागीय जांच कराए जाने जमीन कब्जा करने और मारपीट करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और मारपीट करने ईट पत्थर बरसाने वालो पर मुकदमा दर्ज करके उनकी गिरफ्तारी कराए जाने लापरवाही करने वाले पंचायत सचिव लेखपाल की विभागीय जांच करा कर इन्हें निलंबित किया जाने की मांग की है।

## 27 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**ग्राम पंचायत-जुवरा, हिसामपुर परसखी, बलीपुर टाटा, खिजिरपुर कैलई, रक्सवारा, शाहपुर, खनवारी, अन्दावां, शानानीबी, रसूलपुर ब्यूर, बट बन्धुरी एवं बरौला में होगा कार्यक्रम**

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-जुवरा, हिसामपुर परसखी, बलीपुर टाटा, खिजिरपुर कैलई, रक्सवारा व शाहपुर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा खनवारी, अन्दावां, शानानीबी, रसूलपुर ब्यूर, बट बन्धुरी व बरौला में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 27 दिसम्बर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव/ फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/ विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/ स्कूली छात्रों/ स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-धरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/ उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा।

## कृषक दुर्घटना बीमा दावा का निस्तारण कर सौपा चेक



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार गोंड द्वारा यूनाईटेड इण्डिया इन्शोरेन्स कम्पनी में लम्बित कृषक दुर्घटना बीमा सम्बन्धित दावा का निस्तारण कर श्रीमती राजकली पत्नी स्व0 रोशन लाल निवासी-भीखमपुर, चायल के प्रकरण के वारिस संतोष कुमार पुत्र स्व0 रोशनलाल को रू0-05 लाख का चेक सौंपा गया।

## पारिवारिक कलह से ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने आई महिला को लोगो ने बचाया, पुलिस ने समझा कर भेजा घर

**कौशाम्बी।** जिले में पारिवारिक कलह के चलते ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने आई महिला को लोगो ने पकड़ लिया और उसकी जान बचा ली,लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को समझाकर उसके घर भेज दिया। मामला कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का है जहा सराय अकिल थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला अपने परिवार से किसी विवाद से प्रताड़ित थी और घर में विवाद कर ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने आई थी,महिला रोते बिलखते हुए ट्रेन से कटने जा रही थी तभी कस्बे के लोगो ने महिला को रोक लिया और समझाया लेकिन महिला मानने को तैयार नहीं थी। महिला के नही मानने पर लोगो ने भरवारी चौकी पुलिस को सूचना दी,लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को समझाया और उसके घर पर बात कर महिला को उसके घर भेज दिया।

## रेलवे लाइन पार कर मजदूरी करने जा रहे मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत, परिजनो में मचा कोहराम

**कौशाम्बी।** जिले में रेलवे लाइन पार कर मजदूरी करने जा रहे मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई,युवक की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के बैरहना की है जहा का राम प्रसाद सरोज उम्र 35 वर्ष पुत्र विश्वनाथ धान मिल में काम करता था,प्रतिदिन की तरह वह सुबह रेलवे लाइन पार कर काम पर जा रहा था,रेलवे लाइन पार करते समय वह मालगाड़ी की चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई,युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना पर कोखराज थाना क्षेत्र की सिंघिया चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

## कड़ा ब्लाक के तरसौरा और शहजादपुर में आयोजित हुई विकसित संकल्प यात्रा



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कड़ा ब्लाक के तरसौरा और शहजादपुर गांव में मंगलवार को भारत विकसित संकल्प यात्रा का कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अगुवाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया। उसके बाद उन्होंने कार्यक्रम में लगाए गए मनरेगा, बेसिक शिक्षा, कृषि विभाग, पशुपालन, बाल पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य आदि विभागों के लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उसके बाद सभी स्टाल के कर्मचारियों को सरकार द्वारा जारी योजना की जानकारी दी गई। अपने संबोधन की शुरूआत जिलाध्यक्ष ने भारत माता की जय के साथ शुरूआत करते हुए कहा की भारत के प्रधानमंत्री मोदी का सपना है की देश मजबूत होने के साथ साथ हमारे गांव का रहने वाला हर व्यक्ति मजबूत हो। इसके लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से गांव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इसके लिए भारत विकसित संकल्प यात्रा चलाई जा रही है।जिससे जिन लोगों तक अभी आवास, शौचालय, किसान सम्मान निधि, जाबकार्ड आदि योजनाओं का लाभ नहीं मिला पाया है। उन्हे भी इसका लाभ मिल सके और मोदी जी के सपनों का भारत मजबूत हो सके। इसके लिए उन्होंने अपने नारे के साथ एक शब्द और जोड़ दिया। अब प्रधानमंत्री की प्रेरणा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सबका प्रयास होना चाहिए। मोदी जी की योजनाओं को गारंटी है, वो आपको जरूर मिलेगी उसके लिए आपको थोड़ा प्रयास करना होगा। योजनाओं का लाभ लेने के लिए स्टाल लगे हुए वहां पर जाकर थोड़ा सा प्रयास कर अपना आवेदन आनलाइन कराए और सरकार द्वारा जारी योजनाओं का लाभ स्वयं लेकर जाए। इसके बाद उन्होंने योजनाओं का लाभ ले रहे लोगों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बलराम सिंह, रामराज सिंह, ग्राम पंचायत सचिव विकास शर्मा, एपीओ मनरेगा जयचंद्र पांडेय सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चायल के हरदुआ और चकबादशाह पुर में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**कौशाम्बी** चायल तहसील के हरदुआ और चकबादशाह पुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर स्टाल लगाए गए थे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व जिला पंचायत सदस्य राम नरेश पासी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के उद्देश्य को ग्रामीणों से बताते हुए गांव क्षेत्र में कराए गए विकास योजनाओं की चर्चा की इस मौके पर जिला मंत्री नितिन पासी,जिला उपाध्यक्ष चक्रेश मिश्रा, जिला प्रतिनिधि सोमदत्त मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल, सांसद प्रतिनिधि शुभम सोनकर, जिला कार्यसमिति सदस्य अश्विनी तिवारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश सिंह,मण्डल मंत्री पिंगला चौहान, बूथ अध्यक्ष हेमराज सिंह आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान कंचन देवी,चकबादशाह एवं हरदुआ ग्राम प्रधान हरदुआ श्रीपाल और तहसील चायल के सभी अधिकारी भी शामिल रहे कार्यक्रम मे कृषि विभाग के डा विजय कुमार कुशवाह, लेखपाल पदमेश कुमार शुक्ल, आशा बहू संगीता देवी,आंगनबाडी कार्यकत्री सीमा सिंह एवं चकबादशाह पुर के ग्राम वासी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### भोपाल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल से 08 बालिकाएँ करेंगी प्रतिभाग



**कौशाम्बी** दिनाँक 27 दिसम्बर से भोपाल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल से 08 बालिकाएँ प्रतिभाग करेंगीं। जिनमे जनपद कौशाम्बी से 06 बालिकाओं को प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ हैं उक्त 6 बालिकाओं में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन की 04(रेशमा देवी,मधु देवी,शिखा वर्मा,खुशबु देवी) और धनपत्ती देवी इण्टर कॉलेज की 2 बालिकाएँ(साक्षी देवी,आकांक्षा सक्सेना) सम्मिलित हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी ने इन उदीयमान खिलाड़ियों को रेलवे स्टेशन से विदा किया। ये बालिकाएँ भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में अपने कौशल से विद्यालय और जनपद का नाम रोशन करेंगीं।

### डीसीएम से भिड़कर डिवाइडर पर चढ़ा कंटेनर



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के भोला चौराहा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती देर शाम कंटेनर ड्राइवर डी सी एम से भिड़ गया जिससे डी सी एम सड़क से दूसरी लेन में पहुंच गया डी सी एम में भिड़ने वाला कंटेनर डिवाइडर पर चढ़ गया मौके पर पहुंचे अझुवा चौकी पुलिस ने जेसीबी से डिवाइडर में धक्का देकर साइड लगवाकर आवागमन सुचारू कराया है। घटनाक्रम के मुताबिक कंटेनर ड्राइवर राकेश पुत्र शिवशंकर निवासी उन्नाव कलकत्ता से बैट्री लोड कर इंदौर जा रहा था राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा भोला चौराहा के निकट अंधेरे में सड़क पर बने डिवाइडर को देख नहीं पाया और सामने जा रहे डी सी एम में टक्कर मार दी जिससे कंटेनर सड़क के दूसरी लाइन में पहुंच गया और दुर्घटना करने वाला कंटेनर डिवाइडर के ऊपर चढ़ गया हालांकि रात का समय था जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई दिन होता तो दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था नगर वासियों जिम्मेदारों से चौराहे पर रोशनी का प्रबंध करने की मांग की है वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि बस्ती के अंदर बीच डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइट लगी थी जीर्ण शीर्ण हो गए थे। शासन को प्रस्ताव भेजा गया है ज्योंहि बजट स्वीकृत होगा रोशनी का प्रबंध हो जायेगा।

### ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों का सभासद ने किया भौतिक सत्यापन



**कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर चकमापुर पांडे मऊ के पुरवा में ठेकेदार द्वारा कराई जा रहे कार्य सड़क निर्माण व ठेकेदार द्वारा समरसेबल बोर में अनियमित बरतने में लोगों द्वारा लगातार सभासद सूरज यादव से शिकायत की जा रही थी मंगलवार को सूरज यादव मौके पर पहुँचे और ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जांच के दौरान पता चला कि ठेकेदार द्वारा मानक विहीन सड़क बनाई जा रही थी। समरसेबल बोर में जीरा गिट्टी को उपयोग में लेने के लिए मंगाई गई थी जिसकी शिकायत नगर पालिका जेई मनोज सिंह को फोन के माध्यम से सभासद सूरज यादव ने दिया मानक बिहीन निर्माण कार्य कराए जाने से लोगों में काफी नाराजगी थी सभी को शांत करा कर सभासद सूरज यादव ने लोगों से वादा किया कि मेरे वार्ड में जो भी कार्य होगा वह एस्टीमेट के आधार पर ही होगा आप सब निश्चिंत रहें इस मौके पर मुख्य रूप से बीजेपी बूथ अध्यक्ष ओम नारायण मिश्रा, सानू कुमार, सचिन अग्रहरी,कप्तान सिंह संतोष अग्रहरी,कल्लू अग्रहरी,लवलेश मिश्रा भीखम पाल,मनीष पाल,सूरज अग्रहरी उपस्थित रहे।

### मूरतगंज क्षेत्र की प्रज्ञा शर्मा को भी मिला अटल श्री सम्मान



**कौशाम्बी** लखनऊ के यूपी प्रेस क्लब में 24 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर अटल श्री सम्मान का विराट सम्मान समारोह आभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति पटल द्वारा लखनऊ' में आयोजित किया गया। जिसमें करीब तीस साहित्यकारों, शिक्षकों और समाजसेवियों को अटल श्री सम्मान देकर सम्मानित किया गया। कौशाम्बी के मूरतगंज क्षेत्र की प्रज्ञा शर्मा को भी अटल श्री सम्मान' प्राप्त हुआ अटल श्री सम्मान मिलने की जानकारी पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है उन्होंने कहा कि आज का दिन मेरे लिए हर्ष से परिपूर्ण रहा आप सभी के स्नेह, प्रेम और आशीष के कारण अपने आपको अलंकृत एवं गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। संस्था की संस्थापिका वरिष्ठ कवयित्री साहित्यकार एवं संपादक डॉ अलका गुप्ता प्रियदर्शिनी का उन्होंने कोटि-कोटि आभार एवं अभिनंदन ब्यक्त किया है

### नेवादा के औधन गांव में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**नेवादा कौशाम्बी** सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मंगलवार को नेवादा ब्लाक के ग्राम सभा औधन में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अधिकारी व कर्मचारी ने किया स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, आगनवाड़ी, पीएम किसान सम्मान,पूर्ति विभाग, श्रम विभाग उज्वला विभाग, व अन्य भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों के संबंध में बताया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम रही है। इस सरकार में हर धर्म और समुदाय के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिन पात्र लोगों को अभी तक सरकार के माध्यम से चलाई जा रही किसी योजना का लाभ नही मिला हो तो वह अपना आवेदन दें जिससे आगे की प्रक्रिया हो सके। इसके साथ ही कार्यक्रम मे समाज कल्याण विभाग से गजराज सिंह खाद्य रसद विभाग से कपिल सिंह व दिलराज सिंह उज्वला विभाग से शिवमोहन सिंह बी.जे.पी.मंडल अध्यक्ष विवेक शुक्ला जय सिंह गुरु जी ग्राम प्रधान पति जवाहर लाल व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे अतिथियों ने जाकर वहां उपस्थित सभी लोगों को योजनाओं की जानकारी से अवगत कराते हुए समस्याओं को सुना वहीं कुछ ग्रामीणों ने दबे लब्जों मे सांसद बिनोद सोनकर का विरोध भी कर रहे हैं कि पांच वर्ष बीतने के बाद आज वोट लेने के लिये गांव की याद आई है।

## संपादकीय

# बढ़ती अर्थव्यवस्था के बीच कर्ज का बोझ

आईएमएफ की वर्ल्ड इकोनॉमी रैंकिंग 2023 सूची के मुताबिक, भारत 3.469 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सरकार ने इसे पांचवें से तीसरे पायदान पर पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है, यह बहुत ही काबिले-तारीफ है। वास्तव में किसी भी देश की ऊंची जीडीपी, जिसे सकल घरेलू उत्पाद भी कहा जाता है, यह दशार्ती है कि वह देश आर्थिक रूप से बहुत मजबूत है और स्थिर दर से बढ़ रहा है। जानकारी मिलती है कि 20 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ, संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके बाद एशिया महाद्वीप में चीन दूसरे नंबर पर, जापान तीसरे नंबर पर तथा भारत चौथे नंबर पर है। वैसे जर्मनी (यूरोप महाद्वीप) चौथे नंबर पर है। भारत जैसे देश में बचत करने की शुरू से ही एक परंपरा रही है, हर कोई बचत में विश्वास करता है। हमारे देश में राजकोषीय अनुशासन भी देखने को मिलता है। अतः हम यह बात कह सकते हैं कि मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों, मजबूत घरेलू मांग, राजकोषीय अनुशासन, उच्च बचत दरों और जनसांख्यिकीय रुझानों के साथ, भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि आज, भारत के प्रमुख आर्थिक योगदानकर्ता पारंपरिक और आधुनिक कृषि, प्रौद्योगिकी सेवाएँ, हस्तशिल्प उद्योग और व्यवसाय आउटसोर्सिंग हैं। एक बिलियन से अधिक की आबादी द्वारा उत्पन्न 3.4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अनुमानित जीडीपी के साथ, भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या-आधारित अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसके अतिरिक्त, पाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि आर्थिक सर्वेक्षण के पूवार्नुमान के अनुसार, भारत के 2023-24 में 6.5% की वृद्धि हासिल करने की संभावनाएं हैं। बावजूद इन सबके देश पर बढ़ते कर्ज के प्रति सरकार को सतर्क रहने की आवश्यकता है। मीडिया रिपोर्टों से यह पता चलता है कि देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है।

अगर हम यहां पर विदेशी कर्ज की बात करें तो वर्ष 2014-15 में भारत पर विदेशी कर्ज 31 लाख करोड़ रुपए था। वर्ष 2023 में भारत पर विदेशी कर्ज बढ़कर 50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। जानकारी मिलती है कि इस वर्ष मार्च में देश पर कुल कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था, यानी बीते 6 महीने में 5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेताया है कि सरकार अगर इसी रफ्तार से कर्ज लेती रही तो देश पर जीडीपी का 100 फीसदी कर्ज हो सकता है और ऐसा हुआ तो सरकार के लिए कर्ज का भुगतान करना मुश्किल होगा। वैसे पाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि यूं तो घाटे के बजट वाली अर्थव्यवस्था को प्रगतिशील माना गया है, लेकिन कर्ज अधिक होने के कारण ब्याज देनदारी भी अधिक होगी और ब्याज देनदारी अधिक होने के कारण किसी भी देश पर भुगतान करने का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। हालांकि वित्त मंत्रालय ने आईएमएफ रिपोर्ट पर असहमति जताते हुए यह बात कही है कि वर्ष 2002 की तुलना में कर्ज कम है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि आईएमएफ का भारत पर सौ प्रतिशत कर्ज का? अनुमान गलत है। वर्तमान में भारत पर जो कर्ज है वह रूपए में है, इसलिए यह चिंता की बात नहीं है। गौरतलब है कि इस संबंध में मंत्रालय ने यह कहा है कि सरकारी कर्जा (राज्य और केंद्र दोनों सहित) वित्त वर्ष 2020-21 में लगभग 88 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में लगभग 81 प्रतिशत हो गया है। यह कर्जा अभी भी 2002 की तुलना में कम है। यहां यह भी जानकारी पाठकों को देना चाहूंगा कि इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड यानी (आईएमएफ) ने भारत को 'स्टार परफॉर्मर' बताया है। आईएमएफ ने यह कहा कि इस साल ग्लोबल ग्रोथ में भारत 16% से अधिक योगदान दे सकता है। डिजिटलीकरण और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आर्थिक सुधारों के कारण भारत की विकास दर मजबूत बनी हुई है। यह ठीक है कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से विकास कर रही है, लेकिन बढ़ता हुआ कर्ज देश की अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता हैं। हाल ही के वर्षों में ही हमने यह देखा है कि किस प्रकार से पाकिस्तान व श्रीलंका जैसे देशों में अर्थव्यवस्था का संकट गहरा गया और विदेशी कर्ज के चलते इन देशों की अर्थव्यवस्था बेटपरी हो गई। हमने देखा कि श्रीलंका ने आर्थिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और कृषि संकट के कारण अभूतपूर्व संकट का सामना किया और पाकिस्तान की आज हालत क्या है, यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है। पाकिस्तान और श्रीलंका ही नहीं, तुर्की, स्पेन की सरकार का संकट भी हमने देखा है। आज हमारे देश में फ्रीबीज कल्चर हावी है। जानकारी देना चाहूंगा कि फ्रीबीज वे वस्तुएँ और सेवाएँ हैं जो उपयोगकताओं को किसी सरकार विशेष द्वारा बिना किसी शुल्क के मुफ़्त में प्रदान की जाती हैं। इनको आमतौर पर अल्पावधि में लक्षित आबादी को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। उन्हें प्रायः मतदाताओं को लुभाने या लोकलुभावन वादों के साथ रिश्वत देने के एक तरीके के रूप में देखा जाता है। वास्तव में फ्रीबीज कल्चर देश व समाज के लिए बहुत ही घातक है और इस संबंध में स्वयं हमारे देश के प्रधानमंत्री कह चुके हैं। फ्रीबीज कल्चर के कारण आज सरकारों पर कर्ज बढ़ने का खतरा और अधिक बढ़ गया है। जानकारी देना चाहूंगा कि एक रिपोर्ट के अनुसार देश का कुल कर्ज चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 2.47 लाख करोड़ डॉलर (205 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया है। वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था। इनमें केंद्र सरकार का कर्ज 161.1 लाख करोड़ है, तो कुल कर्ज में राज्य सरकारों की हिस्सेदारी 50.18 लाख करोड़ रुपये है। मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि वर्ष 2014 में केंद्र सरकार पर कुल कर्ज 55 लाख करोड़ रुपए था, जो सितंबर 2023 तक बढ़कर 161 लाख करोड़ हो गया है। इस हिसाब से देखें तो पिछले 9 साल में भारत सरकार पर 192% कर्ज बढ़ा है। इसमें देश और विदेश दोनों तरह के कर्ज शामिल हैं। इसी तरह अब अगर विदेशी कर्ज की बात करें तो 2014-15 में भारत पर विदेशी कर्ज 31 लाख करोड़ रुपए था। 2023 में भारत पर विदेशी कर्ज बढ़कर 50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। बहरहाल ,भारत की कुल आबादी 142 करोड़ मान ली जाए तो आज के समय में हर भारतीय पर 1.40 लाख रुपए से ज्यादा का कर्ज है।


# मिर्जा गालिबः गहन मानवीय चेतना के चितेरे

## मिर्जा गालिब जयन्ती- 27 दिसम्बर, 2023

-: ललित गर्ग:-

मिर्जा गालिब उर्दू-फारसी के प्रख्यात कवि तथा महा- शायर थे। वे सर्व-धर्म-सद्भाव एवं मानवीय चेतना के चितेरे थे। गालिब का व्यक्तित्व बड़ा ही आकर्षक एवं बहुआयामी था। उनका जीवन संघर्ष से भागते या पलायन करते हुए नहीं बिता और न इनकी कविता एवं शायरी में कहीं निराशा का नाम है। वह इस संघर्ष को जीवन का एक अंश तथा आवश्यक अंग समझते थे। मानव की उच्चता तथा मनुष्यत्व को सब कुछ मानकर उसके भावों तथा विचारों का वर्णन करने में वह अत्यन्त निपुण थे और यह वर्णनशैली ऐसे नए ढंग की है कि इसे पढ़कर शताब्दियों बाद भी पाठक मुग्ध हो जाता है। गालिब में जिस प्रकार शारीरिक सौंदर्य था, उसी प्रकार उनकी प्रकृति में विनोदप्रियता तथा वक्रता भी थी और ये सब विशेषताएं उनकी कविता एवं शायरी में यत्र-तत्र झलकती रहती हैं। चिन्ताओं से संघर्ष में इनकी सहायक एक तो थी शराब, जिन्दगी के अंतिम समय में जुए की लत भी लग गई। उन्हें शुरू से शतरंज और चौसर खेलने की आदत थी। अक्सर मित्र-मण्डली जमा होती और खेल-तमाशों में वक्त कटता था। अपने मदिरा प्रेम के कारण जो भाव प्रकट किए हैं, वे शेर ऐसे चुटीले तथा विनोदपूर्ण हैं कि उनका जोड़ उर्दू कविता में अन्यत्र नहीं मिलता।

हर जुबां का वो आसरा...उसके दिल में धड़कता था आगरा... गालिब को पूरी दुनिया जानती है, उनकी शायरी का सम्मान करती है। उनकी शायरी के लोग आज भी दीवाने हैं कोई भी महफिल गालिब की शायरी के अधूरी है। उनका जन्म आगरा में 27 दिसंबर 1797 को एक सैनिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ था। उनका पूरा बचपन ताजनगरी में ही बीता। मिर्जा गालिब का पूरा नाम मिर्जा असद-उल्लाह बेग खां उर्फ ह्लगालिबह्व था। उन्होंने अपने पिता और चाचा को बचपन में ही खो दिया था, गालिब का जीवनयापन मूलतः अपने चाचा के मरणोपरांत मिलने वाले पेंशन से होता था। गालिब की पृष्ठभूमि



एक तुर्क परिवार से थी और इनके दादा मिर्जा कोबान बेग खान मध्य एशिया के समरकन्द से सन् 1750 के आसपास अहमद शाह के शासन काल में भारत आये। उन्होंने दिल्ली, लाहौर व जयपुर में काम किया और अन्ततः आगरा में बस गये। गालिब के पिता मिर्जा अब्दुल्ला बेग ने इज्जत-उत-निसा बेगम से निकाह किया और अपने ससुर के घर में रहने लगे। उन्होने पहले लखनऊ के नवाब और बाद में हैदराबाद के निजाम के यहाँ काम किया। 1802 में अलवर में एक युद्ध में उनकी मृत्यु के समय गालिब मात्र 5 वर्ष के थे। जब गालिब छोटे थे तो एक नव-मुस्लिम-वर्तित ईरान से दिल्ली आए थे और उनके सान्निध्य में रहकर गालिब ने फारसी सीखी। जवानी के दहलीज पर कदम रखते ही वह दिल्ली चले गए। यहां जाने के बाद भी ताउम्र मिर्जा गालिब के दिल व दिमाग में आगरा छाया रहा। आगरा में गालिब के जन्मस्थान को ह्लइन्द्रभान कन्या अन्तर महाविद्यालयह्व में बदल दिया गया है, जिस कमरे में गालिब का जन्म हुआ था उसे आज भी सुरक्षित रखा गया है। दिल्ली के चांदनी चौक के बल्लीमारान इलाके के कासिम जान गली में स्थित गालिब के घर को ह्लगालिब मेमोरियलह्व में तब्दील कर दिया गया।

गालिब की प्रारम्भिक शिक्षा के बारे में स्पष्टतः कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकतर फारसी और उर्दू में पारम्परिक भक्ति और सौन्दर्य रस पर रचनायें लिखी। उन्होंने फारसी और उर्दू दोनो में पारंपरिक गीत काव्य की रहस्यमय-रोमांटिक शैली में सबसे व्यापक रूप से लिखा और यह गजल के रूप में जाना जाता है। उनकी शायरियों में गहन साहित्य और क्लिष्ट भाषा का समावेश था। उन्होंने अपनी शायरी का बड़ा हिस्सा असद के नाम से लिखा है। गालिब हिंदुस्तान में उर्दू अदबी के दुनिया के सबसे रोचक किरदार थे। उनकी जड़ें तुर्क से थीं। वे फारसी कविता को भारतीय भाषा में लोकप्रिय करने में माहिर थे, उन्हें पत्र लिखने का बहुत शौक था। इसीलिए उन्हें पत्र-पुरोधा भी कहा जाता था। आज भी उनके पत्रों को उर्दू साहित्य में एक अहम विरासत माना जाता है। मिर्जा गालिब ने 11 वर्ष की छोटी उम्र में ही अपनी पहली कविता लिखी थी। मिर्जा गालिब की मातृभाषा उर्दू थी लेकिन तुर्की और फारसी भाषाओं पर भी उनकी अच्छी पकड़ थी। उन्होंने अरबी, फारसी, दर्शन और तर्कशक्ति का भी अध्ययन किया था।

बहादुर शाह जफर द्वितीय ने 1850 ई. में गालिब को ह्लदबीर-उल-मुल्कह्व और ह्लनज्म-उद-दौलाह्व की उपाधि प्रदान की थी। इसके अलावा बहादुर शाह जफर द्वितीय ने गालिब को ह्लमिर्जा नोशाह्व की उपाधि प्रदान की थी, जिसके बाद गालिब के नाम के साथ ह्लमिर्जाह्व शब्द जुड़ गया। तबियत से खुद एक शायर बहादुर शाह जफर द्वितीय ने कविता सीखने के उद्देश्य से 1854 में गालिब को अपना शिक्षक नियुक्त किया था। बाद में बहादुर शाह जफर ने गालिब को अपने बड़े बेटे ह्लशहजादा फखरूदीन मिर्जाह्व का भी शिक्षक नियुक्त किया था। इसके अलावा गालिब मुगल दरबार में शाही इतिहासविद के रूप में भी काम करते थे।

मिर्जा के विषय में पहली बात तो यह है कि वह अत्यन्त शिष्ट एवं मित्रप्रेमी थे। जो कोई उनसे मिलने आता, उससे खुले दिल से मिलते थे। इसीलिए जो आदमी एक बार इनसे मिलता था, उसे सदा इनसे मिलने की इच्छा बनी रहती थी। मित्रों के प्रति अत्यन्त वफादार थे। उनकी खुशी में खुशी, उनके दुःख में दुःखी। मित्रों को देखकर बाग-बाग हो जाते थे। उनके मित्रों का बहुत बड़ा दायरा था। उसमें हर जाति, धर्म और प्रान्त के लोग थे। वैसे वे शिया मुसलमान थे, पर मजहब की भावनाओं में बहुत उदार और स्वतंत्र चेता थे। गालिब सदा किराये के मकानों में रहे, अपना मकान न बनवा सके। ऐसा मकान ज्यादा पसंद करते थे, जिसमें बैठकखाना जरूर हो और उनके दरवाजे भी अलग हों, जिससे यार-दोस्त बेझिझक आ-जा सकें। खाने-खिलाने के शौकीन, स्वादिष्ट व्यंजनों के प्रेमी थे। उन्हें हम स्नेह एवं मित्रता की छांह देने वाले बरगद कहे तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

साल 1847 में जुआ खेलने के जुर्म में गालिब को जेल भी जाना पड़ा था और उन्हें 200 रूपए जुमार्ना और सश्रम कारावास की सजा दी गई थी। एक मुसलमान होने के बावजूद गालिब ने कभी रोजा नहीं रखा। एक जानकारी के मुताबिक ये किस्सा गदर के दिनों का है। उस वक्त जब दिल्ली से मुसलमान बाहर की तरफ जा रहे थे, लेकिन मिर्जा गालिब वहीं रहे। इन्हीं दिनों उनका सामना एक अंग्रेज कर्नल से हो गया। अंग्रेज कर्नल ने मिर्जा गालिब के कपड़े देखकर उनसे सवाल किया, क्या आप मुसलमान हैं? ये सवाल सुनकर मिर्जा गालिब ने ऐसा जवाब दिया कि अंग्रेज कर्नल हैरान और हक्का बक्का रह गया। उन्होंने अंग्रेज कर्नल को तुरंत जवाब देते हुए कहा कि मैं आधा मुसलमान हूं। ये जवाब सुनकर अंग्रेज कर्नल ने अगला सवाल दागा और पूछा कि ऐसा कैसे कि आप आधे मुसलमान हैं? इसके जवाब में मिर्जा गालिब ने कहा, हां, क्योंकि मैं शराब तो पीता हूं लेकिन सुअर नहीं खाता। मिर्जा गालिब का यह जवाब सुनकर अंग्रेज कर्नल अपनी हंसी नहीं रोक पाया।

मिर्जा गालिब का एक बहुत मशहूर शेर है ये इश्क नहीं आसान, बस इतना समझ लीजिये, इक आग का दरिया है और डूबकर जाना है। न जाने गालिब ने किन परिस्थितियों में ये शेर गढ़ा होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि इश्क पर जो पहरा उस सदी में था वह आज इक्कीसवीं सदी के ग्लोबल इंडिया में भी है। जिंदगी जीने के तमाम तरीके भले ही बदल गए हों, लेकिन प्यार मोहब्बत को देखने का हमारा पारिवारिक-सामाजिक-धार्मिक नजरिया आज भी सदियों पुराना है। मिर्जा गालिब ने बेहतरीन शेर लिखे हैं- इस सादगी पे कौन न मर जाए ऐ खुदा, लड़ते हैं और हाथ में तलवार भी नहीं। दरअसल मिर्जा गालिब अपनी हाजिर जवाबी के लिए मशहूर थे। इस दौरान भी इश्क ने गालिब निकम्मा कर दिया, वर्ना हम भी आदमी थे काम के।

# राजस्थान कांग्रेस में समाप्त हुआ गहलोत पायलट युग

**रमेश सर्राफ धमोरा**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट दोनों ही नेताओं को कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान की राजनीति से बाहर भेज दिया है। अब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में नए लोगों को आगे लाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। पिछले लंबे समय से राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति अशोक गहलोत व सचिन पायलट के इर्द-गिर्द ही घूम रही थी। दोनों नेताओं में चल रही आपसी खींचतान के चलते राजस्थान में कांग्रेस को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। दोनों की अवादत के चलते ही राजस्थान में कांग्रेस सत्ता से भी बाहर हो चुकी हैं।

2018 में जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी थी और अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। तभी से गहलोत व पायलट के बीच खींचतान प्रारंभ हो गई थी। राजस्थान में दोनों बड़े नेता के अलग-अलग दो गुट बन गए थे। दोनों नेताओं की खींचतान के चलते स्थिति यहां तक खराब हो गई थी कि 2020 में सचिन पायलट ने अशोक गहलोत के खिलाफ बगावत कर अपने समर्थक विधायकों को लेकर गुड़गांव चले गए थे।

उस समय सरकार बचाने के लिए अशोक गहलोत को विधायकों की होटलों में बाड़ेबंदी करनी पड़ी थी। करीबन दो महीने तक चली आपसी खींचतान के बाद कांग्रेस आलाकमान के प्रयासों से कांग्रेस के दोनों नेताओं के बीच शांति स्थापित हो पायी थी।



मगर सचिन पायलट को बगावत के चलते उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद गंवाना पड़ा था। वही उनके समर्थक कई मंत्रियों को भी पदो से हटा दिया गया था।

उस समय पायलट के पास विधायकों की संख्या कम रह गई थी। क्योंकि पायलट द्वारा की जा रही बगावत की जानकारी उनके ही कुछ विधायकों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दे दी थी। मुख्यमंत्री गहलोत ने समय रहते पायलट गुट के कई विधायकों को अपने पाले में लाकर पायलट को राजनीतिक दृष्टि से कमजोर बना दिया था।

आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद पायलट समर्थक कुछ विधायकों को गहलोत सरकार में फिर से मंत्री बनाया गया था। मगर पायलट को कोई भी पद नहीं दिया गया था। पायलट की बगावत से लेकर विधानसभा चुनाव तक गहलोत व पायलट द्वारा लगातार एक दूसरे के खिलाफ बयान बाजी की जाती रही थी। 2022 को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने के लिए 25 सितंबर 2022 को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन करवाया था। जिसमें मल्लिकार्जुन खरगे व अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया था।

मगर अशोक गहलोत गुट के शांति धारीवाल, महेश जोशी व धर्मेंद्र राठौर ने विधायक दल की बैठक ही नहीं होने दी। धारीवाल ने अपने आवास पर विधायकों की समानान्तर बैठक आयोजित कर कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा आहूत विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करवा दिया था। जिस कारण से सचिन पायलट मुख्यमंत्री बनने से रह गए थे। उसी दौरान सोनिया गांधी ने अशोक गहलोत को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए भी नामित किया था। मगर गहलोत ने मुख्यमंत्री पद जाने के डर से अध्यक्ष बनने से भी इंकार कर दिया था। गहलोत व पायलट की आपसी लड़ाई में राजस्थान कांग्रेस को जितना नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई होना मुश्किल लगता है। दोनों ही नेताओं को प्रदेश की राजनीति से बाहर भेज दिया गया है। अशोक गहलोत को नेशनल अलायंस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। जो लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न दलों से गठबंधन पर चर्चा करेगी। इस पांच सदस्यों वाली समिति का संयोजक पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक को बनाया गया है। जबकि समिति में अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद व मोहन प्रकाश को सदस्य बनाया गया है। नेशनल अलायंस कमेटी का सदस्य बनने के कारण अशोक गहलोत राष्ट्रीय राजनीति में व्यस्त हो जाएंगे और उनके पास प्रदेश की राजनीति के लिए समय नहीं बचेगा।

इसी तरह सचिन पायलट को कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव बनाकर छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अब तक की सबसे करारी हार झेलनी पड़ी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पद गंवाना पड़ा है। वैसे भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पास लोकसभा के मात्र दो ही सदस्य है। ऐसे में प्रदेश प्रभारी के नाते सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ में कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। छत्तीसगढ़ के प्रभारी बनने के बाद सचिन पायलट का भी राजस्थान की राजनीति से जुड़ाव काम हो जाएगा। उनका ज्यादा समय राजस्थान के बाहर ही बीतेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी को पदमुक्त कर दिया है। बायतु क्षेत्र से मात्र 910 वोटो से जीते हरीश चौधरी गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व सांसद भी रह चुके हैं। ऐसे में चर्चा है कि हरीश चौधरी को प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया जा सकता है। अभी जाट समाज से गोविंद सिंह डोटासरा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष है। जिनका हटना तय माना जा रहा है। कांग्रेस के नवनिर्वाचित 69 विधायकों में सबसे अधिक संख्या जाट, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के विधायकों की है। इसको देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद पर हरीश चौधरी व विधायक दल के नेता के पद पर आदिवासी समुदाय के महेंद्रजीत सिंह मालवी की नियुक्ति हो सकती है। महेंद्रजीत मालवीय अभी कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य है तथा लगातार विधायक का चुनाव जीत रहे हैं। गहलोत सरकार में भी वह कैबिनेट मंत्री थे। उनकी आदिवासी क्षेत्र में अच्छी पकड़ मानी जाती है। राजस्थान में अलवर से सांसद रहे भंवर जितेंद्र सिंह को भी कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव पद पर बरकरार रखा गया है।

# 2023 के पार, नये के आसार!

**- राजेंद्र शर्मा**

विकल्प की इस संभावना के सामने इस माने में एक भारी चुनौती है कि संघ-भाजपा ने, मोदी राज के दस साल में हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता पर टिके अपने मूलाधार को बहुत मजबूत कर लिया है। इस मूलाधार के गिर्द तरह-तरह की लाभार्थी योजनाओं, आश्वासनों, उम्मीदों तथा भ्रमों के सहारे, जो समर्थन संघ-भाजपा जुटाने में अब तक कामयाब रहे थे, उसका बड़ा हिस्सा अगर उनसे दूर छिटक भी जाए, तब भी उनका यह समर्थक मूलाधार अपनी जगह रहेगा। हैरानी की बात नहीं है कि साल के आखिर तक आते-आते भाजपा पूरी तरह से, आगामी आम चुनाव के लिए चुनावी मोड में आ चुकी है। इस लिहाज से संसद के शीतकालीन सत्र के असमय अंत के तुरंत बाद हुई भाजपा के केंद्रीय तथा राज्य स्तरीय शीर्ष पदाधिकारियों की दो दिनी बैठक से दिए गए संकेतों में वैसे तो कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है। फिर भी, ये संकेत से तीन-चार महीनों में ही होने जा रहे आम चुनाव के लिए, सत्ताधारी पार्टी की आने वाले दिनों की प्रमुख पहलों और कार्यनीतियों को तो उजागर करते ही हैं। यह दूसरी बात है कि इन कार्यनीतियों में, बढ़-चढ़कर दावे करने और इसके सहारे, मीडिया पर अपने लगभग मुकम्मल नियंत्रण के जरिए, अपने अपराजेय होने की छवि को पुख्ता करने की कार्यनीतियां भी शामिल हैं। इस बैठक से कम से कम दो ऐसे बढ़े-चढ़े दावे निकले हैं, जिनका आने वाले दिनों में काफी ढोल पीटा जाना तय है। इनमें पहला है, यह दावा कि भाजपा, 2024 के आम चुनाव में अपने वोट में 10 फीसद बढ़ोतरी करने और 50 फीसद से ज्यादा वोट हासिल करने के लिए काम करने जा रही है। बूथ-आधार को और पुख्ता करने तथा जातिगत समीकरणों को और मजबूती से साधने को व लाभार्थियों को पूरी तरह अपने पाले में करने को, इसका मुख्य उपाय बताया गया है। दूसरा, दावा यह है कि भाजपा इस बार लोकसभा की उन 160 सीटों पर भी जोरदार प्रदर्शन करने की तैयारी करने जा रही है, जिन पर 2019 के आम चुनाव में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

संभवतः इन दोनों ही दावों तथा खासतौर पर बाद वाले दावे का विस्तार, संघ-भाजपा के बीच से उछाले जाने शुरू हो गए, 'अब की बार, चार सौ पार' के नारे में देखा जा सकता है। बाकायदा यह नारा उछाले जाने की शुरूआत, पर्यावरण संबंधी विश्व सम्मेलन, कार्प-28 के सिलसिले में प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की यात्रा के दौरान हुई थी, जब उनके स्वागत के लिए जुटे अनिवासी भारतीयों के मुंह से संभवतः पहली बार, यह नारा बाकायदा सुनने को मिला था। उसके बाद से, खुद प्रधानमंत्री मोदी भी इस तरह के नारों को इशारों में आगे बढ़ाते रहे हैं। संसद के हाल ही के सत्र के दौरान, सरकार का विरोध करने वाली पार्टियों के सांसदों के थोक के हिसाब से अभूतपूर्व निलंबनों के बीच, सत्ताधारी भाजपा के संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री ने, अगली बार बैठक के हाल की खाली सीटें भी भर जाने की बात कहकर, इसी तरह के नारों की ओर इशारा किया था। हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी उक्त दावा करते हुए, यह कहकर विपक्षी सांसदों के निलंबनों को सही ठहराने की ही कोशिश कर रहे थे कि आने वाले चुनाव में जनता, विपक्ष की सीटें और कम कर के और भाजपा की सीटें और बढ़ाकर, विपक्ष को सजा देगी।

# पनामा में पर्यावरण के लिए प्रतिरोध

**– उपेन्द्र शंकर**

'कोबरे पनामा' के नाम से जानी जाने वाली यह खदान 2019 से उत्पादन कर रही थी और प्रति वर्ष 300,000 टन तांबा निकाल रही थी। यह देश के 'सकल घरेलू उत्पाद' (जीडीपी) का लगभग पांच प्रतिशत और पनामा के निर्यात का 75 प्रतिशत है। खनन क्षेत्र पनामा के 'जीडीपी' में लगभग सात प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें 'कोबरे पनामा' सबसे महत्वपूर्ण खदान रही है।

मध्य अमेरिकी देश पनामा की खुले गड्ढ़े वाली तांबे की खदान के खिलाफ जनता के विरोध प्रदर्शन ने पनामा को एक महीने से अधिक समय से घेराबंदी की स्थिति में रखा है। सड़क पर खड़े किये गये अवरोधों के कारण गैस और प्रोपेन ईंधन की कमी हो गई है। कई सुपर मार्केट की अलमारियां खाली हैं और रेस्टोरेंट, होटल सूने हैं, लेकिन 28 नवम्बर 2023 को पनामा में प्रदर्शनकारियों को खबर मिली कि सुप्रीम कोर्ट ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है कि व्यापक पर्यावरण विरोध का केंद्र बिंदु रही कनाडाई तांबे की खदान, 'कोबरे पनामा' के लिए 20 साल की रियायत असंवैधानिक है। यह भी पता चला कि पनामा के राष्ट्रपति ने कहा है कि खदान को बंद करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी।

खबर सुनते ही लोग सड़कों पर निकल आये। प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के सामने सड़क पर डांस किया। उन्होंने लाल, सफेद और नीला पनामा का झंडा लहराया और राष्ट्रगान गाया। एक प्रदर्शनकारी रायसा बानफील्ड ने कहा – 'यही वह चीज है जिसका हम इंतजार कर रहे थे।' कनाडा के 'फर्स्ट क्वांटम मिनरल्स' की स्थानीय सहायक कंपनी 'मिनेरा पनामा,' जो पनामा में खदान का संचालन करती है, ने एक बयान में कहा कि 'कोबरे पनामा अदालत के फैसले को स्वीकार करता है।'

'कोबरे पनामा' के नाम से जानी जाने वाली यह खदान 2019 से उत्पादन कर रही थी और प्रति वर्ष 300,000 टन तांबा निकाल रही थी। यह देश के 'सकल घरेलू उत्पाद' (जीडीपी) का लगभग पांच प्रतिशत और पनामा के निर्यात का 75 प्रतिशत है। खनन क्षेत्र पनामा के 'जीडीपी' में लगभग सात प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें 'कोबरे पनामा' सबसे महत्वपूर्ण खदान रही है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 'कोबरे पनामा' देश के पर्यावरण के लिए एक आपदा है, इससे जंगली तटीय क्षेत्र को नुकसान होगा और विशेष रूप से जल-आपूर्ति को खतरा होगा। यह एक विदेशी निगम को दिया गया तोहफा है, जिसे जनता ने देश की संप्रभुता पर हमला करार दिया है।

## आम जनता के साथ पुलिस करे सद्व्यवहारः डीआईजी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम मंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने मंडल के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर अपराधों की समीक्षा की।

मंगलवार को बांदा में हुई बैठक में डीआईजी अजय कुमार सिंह ने कहा कि अपराधों पर हर हाल में काबू पाने को पुलिस कार्य करे। महिला अपराधों पर पुलिस विशेष निगाह रखे। किसी महिला को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। पुलिस का बर्ताव आम जनता के प्रति सहृदयता का होना चाहिए। लोक सभा चुनाव बाबत निर्देश दिये कि अपराधी तत्वों को



बैठक में निर्देश देते डीआईजी।

चिन्हित कर कार्यवाही करें। महिला अपराधों की रोकथाम कर समय से विवेचनाओं का निस्तारण करें।

मातहतों को निर्देश दिये कि किसी भी आम जनता को पुलिस से परेशानी नहीं होनी चाहिए। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक महोबा अर्पणा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डॉ दीक्षा शर्मा मौजूद रहीं।

## दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडेंः अतुल दत्त तिवारी

### समेकित शिक्षा में पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे के स्कूल शिक्षा के महानिदेशक के निर्देश पर दिव्यांग बच्चों के शिक्षण को जिले के 50 नोडल शिक्षक-शिक्षिकाओं को पांच दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी में प्रशिक्षक उमेश कुमार, कल्पना स्वर्णकार, राकेश कुमार गुप्ता ने दिया।

मंगलवार को दिव्यांगों की पहचान कर व्यक्तिगत शिक्षा योजना के तहत विज्ञान बच्चों को प्रोत्साहित करें। दिव्यांग बच्चों को सुझाव दें। प्रशिक्षकों ने सभी शिक्षकों को वीडियो में ढंग से समझाया। बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने को प्रोत्साहित किया। शुभारम्भ पर खंड शिक्षाधिकारी अतुलदत्त तिवारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़े। उनका विकास करें। इस मौके पर शिक्षक अशफीर्लाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, विद्यासागर सिंह, राकेश कुमार, कल्पना सोनी, उमेश कुमार, लालमणि पांडे, सुरेश प्रसाद, प्रशांत केसरवानी, बसंत कुमार जायसवाल, रामनारायण पांडे, कविता यादव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, रामकृष्ण सिंह, कुलदीप चतुर्वेदी, अभ्युदय साहू, शिवनरेश सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

## संकल्प यात्रा में वंचितों को करते हैं लाभान्वितः पंकज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कर्वी माफी में हुई गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि ये यात्रा गांव-गांव जाती है। यात्रा के साथ अधिकारीगण मौजूद रहकर गरीब कल्याण को जारी योजनाओं को बताते हैं। वंचित पात्रों का पंजीयन कर योजनाओं का लाभ दिलाते हैं।

मंगलवार को भाजपा नेता पंकज अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वास्थ्य परीक्षण करती है। नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भाजपा सरकार बनी तो ये सरकार गरीबों को समर्पित



संकल्प यात्रा में बोलते पंकज अग्रवाल।

होगी। सरकार के अधिकारी आपके द्वार आये हैं, जो पात्र हैं, किसी योजना से वंचित हैं, पंजीयन कर लाभ दिलाया जायेगा। सरकार की सारी योजनायें गरीबो के लिए है। प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर सौभाग्य योजना, हर घर जल नल योजना, आयुष्मान कार्ड, शौचालय जैसी सैकडों योजनाओं से जनता को लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम में रवि गुप्ता, दीपक द्विवेदी, राजेश रैकवार, बद्री पटेल समेत ग्रामीण मौजूद रहे।



लहन नष्ट करती पुलिस टीम।

## 62 जगहों पर छापेमारी कर बरामद की 188 लीटर महुआ शराब

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नये वर्ष के मद्देनजर जिले में अवैध शराब निर्माण, बिक्री, तस्करी व अवैध स्प्रिट एल्कोहल पर अंकुश लगाने को प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक व डीआईजी बांदा के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की देखरेख में पुलिस टीमों ने 62 स्थानों पर छापेमारी कर अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है। मंगलवार को सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अगुवाई में जिले के सभी पुलिस थानों के थानाध्यक्षों ने आबकारी अधिनियम के आरोपियों व चिन्हित अवैध शराब बनाने वालों के यहां दबिश दी।

दबिश में 13 कुंतल लहन व 50 भट्टियां नष्ट की गयी। 15 लोगों के कब्जे से 188 लीटर महुआ शराब, 50 किलो गुड़, 40 किलो महुआ बरामद हुआ। इस बाबत 15 मामले दर्ज किये गये।

## पुलिस भर्ती में सवर्णों की बढायें उम्रः संदीप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** प्रदेश सरकार के पुलिस भर्ती में सवर्णों की उम्र सीमा बढ़ाने को सवर्ण आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी की अगुवाई में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा।

मंगलवार को प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने ज्ञात में कहा कि पिछली पुलिस भर्ती के बाद अब भर्ती आई है। कोरोना काल में भी अभ्यर्थियों ने पसीना बहाया था, लेकिन भर्ती नहीं आई। अब भर्ती आई तो पांच साल से तैयारी कर रहे युवा तय उम्र सीमा को पार कर गए। भर्ती में हिस्सा लेने से बाहर हो गए। युवाओं में काफी नाराजगी है। सरकार से मांग किया कि सवर्णों की उम्र सीमा बढ़ाई जाये, ताकि बेरोजगार युवा पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हो सकें। ज्ञापन देने में चित्रकूट जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, मंडल प्रभारी कुलदीप पांडेय, दिव्यांग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अशोक पाण्डेय, जिला महासचिव विनय मिश्रा, जिला महामंत्री गिरीश चंद्र पांडेय, जिला मंत्री प्रमोद मिश्रा, संदीप मिश्रा, शिवशंकर मिश्रा, प्रभारी मऊ मानिकपुर अविनाश शुक्ला, शिवशंकर त्रिपाठी, राजीव तिवारी, कुमकुम उपाध्याय, अरविंद सिंह, कामता, केशव चौबे, प्रांशु त्रिपाठी, रवि करवरिया, दिनेश पांडे, प्रियांशु मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, श्रवण कुमार, ठा दिलीप सिंह, आनंद तिवारी, हर्षित, बृजेश त्रिपाठी, लकी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



एडीएम को ज्ञापन देते सवर्ण आर्मी।

## सकरौली गौशालाः ठंड में खुले में हैं गौवंश

### खिला रहे सड़ा भूसा-पराली

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** गौवंशों के रख-रखाव को गौशालायें बनाई गई हैं। गौवंशों के भरण-पोषण को चारा-भूसा के नाम पर लाखों की धनराशि सरकार दे रही है। प्रधान-सचिव की मिलीभगत से रख-रखाव को आई धनराशि ठिकाने लगाई जा रही है। गौवंशों को पशु चिकित्सक देखने तक नहीं आते। गौवंश भूख, ठंड व बीमारी से मौत के आगोश में समा रहे हैं। मंगलवार को कर्वी ब्लाक के सकरौली गांव की गौशाला में गौवंशों की दुर्दशा देखने को मिली। बताया गया कि गौवंशों को ठंड से बचाने को कोई इंतजाम नहीं हैं। खिलाने को थोड़ा-बहुत सड़ा भूसा रखा है। जिसे खाकर गौवंश बीमार होकर मर रहे हैं। सकरौली गौशाला ऊंचे टीले पर बनी है। पानी की चरही नीचे है। गौशाला में चहारदीवारी नहीं है। सिर्फ तार-बांस-बल्लियों से रख-रखाव हो रहा है। गौवंश जहां बांधे जा रहे हैं, वहां छप्पर तक की व्यवस्था नहीं है। ठंड में गौवंश ठिठुरते रहते हैं। चरवाहों ने दबी जुबान में बताया कि प्रधान व सचिव सही ढंग से इंतजाम नहीं करते। सचिव-प्रधान फोन के जरिये हालचाल लेते हैं। कभी मौके पर नहीं आये। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान विकास कार्यों के नाम पर फजीर्वाड़ा कर सरकारी धन के बंदरबाट में जुटा है।



चैपाल में बोलते अनुज सिंह यादव।

## डबल इंजन सरकार लोगों को दे रही डबल मुसीबतः अनुज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के पडरी गांव की दलित बस्ती में पीडीए चैपाल में प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर गांवों में चैपाल लगाई जा रही है।

चैपालों में भाजपा सरकार की गलत नीतियों को उजागर किया जा रहा है। मंगलवार को चैपाल में सपा नेता अनुज सिंह यादव ने कहा कि देश-प्रदेश में किसान, नौजवान, महिलाओं, बेरोजगार खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। डबल इंजन सरकार लोगों को डबल मुसीबतों में डाल रही हैं। महंगाई-बेरोजगारी आसमान छू रही है। किसानों को खाद को रात से लाइन लगाना पड़ रहा है। विश्वविद्यालयों में दलित-पिछड़े वर्ग के छात्रों का शोषण हो रहा है। सरकारी संस्थानों को सरकार बेंच रही है। प्रदेश में तहसीलों व थानों में बिना घूस के किसी गरीब के काम नहीं होते। सरकारी अस्पतालों में गरीबों को अच्छा इलाज नहीं मिल रहा। चैपाल में सपा नेता अरशद खान, सुभाष पटेल, राम प्रसाद वर्मा, तीरथ कोटार्य, अनूप यादव, गौतम वर्मा आदि मौजूद रहे।

## भदोही ने मैहर को तीन विकेट से हराया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति पर चित्रकूट स्पोर्ट क्लब कर्वी व दीनदयाल शोध संस्थान के नेशनल क्रिकेट टूनार्मेंट चित्रकूट चैलेंज कप का फाइनल मैच भदोही व मैहर के बीच हुआ। भदोही ने मैहर को तीन विकेट से हराकर चित्रकूट चैलेंज कप पर कब्जा किया।

मंगलवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर मैहर टीम ने 56 व आकर्ष के 22 रनों के योगदान से सभी विकेट खोकर 119 रन बनाये। भदोही के कैफ व शिवम को तीन-तीन विकेट मिले। 120 रनों के लक्ष्य को




पुरस्कार देते विधायक अनिल प्रधान आदि।

भदोही ने विशाल 40 व ऋतिक राय 27 के बीच हुई 64 रनों की साझेदारी से सात विकेट खोकर तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। फाइनल मैच में 40 रन व एक विकेट लेने वाले भदोही के विशाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। समापन/पुरस्कार वितरण में कामतानाथ प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास, पंजाबी भगवान आश्रम से महंत दिनेश दास महाराज, जानकी महल से सीताशरण दास, मंहत किशन दास, जिला पंचायत अध्यक्ष बांदा सुनील सिंह पटेल, विधायक कर्वी अनिल प्रधान, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चंद्रप्रकाश खरे, जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती दिव्या त्रिपाठी, अध्यक्ष जिला कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि की मौजूदगी में खिलाड़ियों को सम्मानित किया। टूनार्मेंट के बेस्ट बैटर मैहर के आकर्ष सिंह, बेस्ट बॉलर भदोही के मोहम्मद कैफ, बेस्ट फील्डर मैहर के मो जुबैर, प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट मैहर के आकर्ष सिंह रहे।

## एआरटीओ ने चलाया अभियान

**चित्रकूट।** द्वितीय सडक सुरक्षा पखवाड़ा 15 से 31 दिसम्बर के तहत परिवहन विभाग के एआरटीओ/प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, यात्रीकर/मालकर अधिकारी डॉ सन्तोष कुमार तिवारी ने जिले के मुख्य मार्गों व चैराहों में ओवरलोडिंग, गलत नम्बर प्लेट, बिना एचएसआरपी लगे वाहन, सड़क किनारे खड़े अवैध वाहनों एवं रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की। मंगलवार को अधिकारियों ने लेन ड्राइविंग के बारे में चालकों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा के मद्देनजर वाहन चालकों को रात्रि में हेडलाइट के हाई बीम/लो बीम प्रयोग बाबत जानकारी दी।

## जीआरपी कर्मियों पर रिपोर्ट दर्जकर करें कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जीआरपी कर्वी पुलिस के बेरहमी से नाबालिग छात्रों की पिटाई के विरोध में परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक सम्बोधित पत्र सौंपा।

मंगलवार को मप्र के सतना जिले के नयागांव थाना के छीरपुरवा के सुरेन्द्र प्रसाद पुत्र मुन्नीलाल आदि पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां सौंपे पत्र में कहा कि अनुसूचित जाति के सुरेश प्रसाद के भतीजे ओमप्रकाश पुत्र शिवनरेश 24 दिसम्बर की शाम पांच बजे घर से नाराज होकर रेलवे स्टेशन चला आया था। उसके धनराज पुत्र रामस्वरुप निवासी बरुआ थाना राजापुर भी



एसपी कार्यालय में मौजूद परिजन।

था। खोजबीन करने पर पता चला कि जीआरपी इं त्रिपुरेश कौशिक व अन्य पांच पुलिस कर्मियों ने छात्रों से पूंछताछ कर प्लेटफार्म टिकट मांगा।

टिकट न होने पर दो हजार रुपये की मांग की। पैसा न देने पर छात्रों से जाति पूंछी। इसके बाद जातिसूचक गालियां देते हुए जीआरपी थाना के अन्दर ले गये। उन्हें बेरहमी से पीटा। ओमप्रकाश के कान व नाक से खून निकल गया। उसकी हालत नाजुक है, जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इं त्रिपुरेश कौशिक ने फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी है। पीडितों ने पुलिस अधीक्षक से जीआरपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## व्यापारियों का उत्पीडन नहीं होगा बर्दास्तः शानू



व्यापारियों के साथ हुंकार भरते शानू।

अखंड भारत संदेश

**भरतकूप/चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के क्रशर उद्योग व्यवसाई मिथलेश गर्ग की अध्यक्षता में हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने व्यापारियों की समस्यायें सुनी। निदान का भरोसा दिया। सात जनवरी को दो दिवसीय प्रान्तीय व्यापारी सम्मेलन में भरतकूप के पदाधिकारियों ने बढ-चढकर हिस्सा लेने को कहा।मंगलवार को भरतकूप के व्यापारी/संरक्षक रामबाबू गुप्ता, प्रदेश मंत्री अशोक गुप्ता, अध्यक्ष कल्लूराम गुप्ता, महामंत्री शंकर सोनी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। भरतकूप से भारी तादाद में सम्मेलन में पहुंचने का भरोसा दिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की एकजुटता से समस्याओं का समाधान होगा। व्यापार संगठन व्यापारियों की समस्या निदान को हर सम्भव तैयार है। उत्पीडात्मक कार्यवाही संगठन बर्दास्त नहीं करेगा। छह-सात जनवरी को दिल्ली से लेकर यूपी व अन्य प्रदेशों के व्यापारियों का चित्रकूट में जमावड़ा लगेगा। कई मुद्दों पर चर्चा होगी। इस मौके पर मंडल मंत्री विनोद आर्य, सोनू गर्ग, छोटेलाल गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, प्रेम साहू, उमेश चन्द्र, शिवकुमार सोनी, डॉ सीएल भारतीय, राजकुमार आदि सैकडों व्यापारी मौजूद रहे।

## भगत सिंह की विचारधारा जन-जन तक पहुंचायेः का अमित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाकपा के 98 वर्ष पूरे होने पर कैम्प कार्यालय में का रणधीर की अध्यक्षता में स्थापना दिवस में जिला सचिव का अमित यादव एड ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि भगत सिंह की इच्छा पर पार्टी की स्थापना का अवनी मुखर्जी, एमएन राय व पत्नी इलविन ट्रिंट, एमपीटी आचार्य आदि साथियों ने की थी।

मंगलवार को भाकपा के स्थापना से लेकर आज तक भाकपा गरीबों, वंचितों व दलित, महिलाओं, अल्पसंख्यकों को न्याय-अधिकार, आजादी दिलाने को संघर्ष करती रही है, करती रहेगी। सभी साथियों को भगत सिंह की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। सीपीएम नेता का रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि कम्युनिस्ट विचारधारा है, जो आमजन को सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक बराबरी की मांग कर संवैधानिक अधिकार की बात करती है, जो पूंजीपतियों को अच्छी नहीं लगती।

स्थापना दिवस पर का अजय पाल, का कमलेश प्रसाद, सुशील सिंह, रविकरन, विनोद पाल, संदीप पांडे, शिवबरन आदि ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर का हनुमान, मानसिंह, महेंद्र सिंह, प्रद्युम्न सिंह, रमेश, मतगंजन, शिवनरेश, जीवन, रक्षपाल, अजय, दिवाकर, दिनेश समेत कार्यकताओं ने भागीदारी की।



भाकपा का स्थापना दिवस मनाते कम्युनिष्ट।

## हिन्दू धर्म रक्षा के बलिदानियों से लें प्रेरणाः लवकुश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में वीर बाल दिवस पर अलग-अलग स्थानों पर हुए कार्यक्रमों में गया प्रसाद महाविद्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने वीर साहबजादों को नमन किया। कहा कि गुरु तेगबहादुर, गुरु गोविन्द सिंह व उनके साहबजादों ने हिन्दू धर्म की रक्षा को बलिदान किया है। उनका बलिदान सबको प्रेरणा देता है। मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक घर में उनकी याद में दिया जलाना चाहिए। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि युवा साहबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज व राष्ट्र के लिए कार्य करें। विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि अपने धर्म के लिए संकल्पित जीवन जीना होगा। आलोक पाण्डेय ने कहा कि गुरू गोविंद सिंह के दो साहबजादे चमकौर के युद्ध में बलिदान हुए। दो साहिबजादे जोरावर सिंह व फतेह सिंह को जिन्दा दीवार में चुनवा दिया गया था। वीर बालको ने मरना स्वीकारा, इस्लाम नहीं स्वीकार किया। देश-धर्म पर अडिग रहने की प्रेरणा साहबजादों से लेनी होगी।

कार्यक्रम में भागवत त्रिपाठी, तीरथ तिवारी, अखिलेश रैकवार, दिनेश सिंह, राघव अग्रवाल, अनूप त्रिपाठी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, शिवाकांत पाण्डेय, रवि गुप्ता, अंकित पाण्डेय समेत अलग-अलग स्थानों पर जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सड़क सुरक्षा में वसूले एक लाख 85 हजार



वाहनों की जांच करते यातायात पुलिस।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे चरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह की टीम ने शहर के विभिन्न स्थलों पर दोपहिया में बिना हेलमेट, तीन सवारी, नाबालिगों के वाहन चलाने तथा चारपहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट, गलत नम्बर प्लेट, मोबाइल फोन चलाते या ड्राइव करते, गलत दिशा में वाहन चलाने की जांच हुई।

मंगलवार को जांच दौरान 89 वाहनों से एक लाख 85 हजार रुपये का ई-चालान किया। यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने इस दौरान आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कहा कि सडक पर हमेशा बाईं ओर चलें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से बात न करें। कान में ईयरफोन भी न लगायें। ये सब यातायात नियमों के विरुद्ध हैं। ऐसा करते पाये जाने पर चालान व जुमार्ना दोनों हो सकते हैं।

## बांग्लादेश में जूट मिल में आग लगने से हड़कंप



**ढाका।** बांग्लादेश में खुलना के दिघलिया उप जिला में स्थित जामन जूट मिल में सोमवार रात करीब पौने 10 बजे आग लग गई। इससे नागरघाट इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर दमकल विभाग की आठ गाड़ियां पहुंचीं। आग बुझाने में करीब डेढ़ घंटे का समय लगा।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार खुलना अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा के सहायक निदेशक फारूक हुसैन शिकदर ने इसकी पुष्टि की है। शिकदर ने कहा है कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। आग उस कमरे में लगी जहां मिल में निर्मित कुछ सामान और कच्चा जूट रखा हुआ था। आग की लपटें देख कर्मचारी तेजी से मिल से बाहर निकल आए। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

पाकिस्तान इतिहास में पहली बार चुनाव लड़ेगी हिंदू महिला

पाकिस्तानी-हिंदू डॉ. सवीरा प्रकाश आगामी आम चुनाव में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले से खड़े होने वाली अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला उम्मीदवार बनने जा रही हैं

## पाकिस्तान इतिहास में पहली बार चुनाव लड़ेगी हिंदू महिला



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी-हिंदू डॉ. सवीरा प्रकाश आगामी आम चुनाव में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले से खड़े होने वाली अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला उम्मीदवार बनने जा रही हैं।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, प्रकाश ने 23 दिसंबर को पीके-25 की सामान्य सीट के लिए अपना नामांकन पत्र जमा किया।

वह वर्तमान में जिले में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की महिला विंग की महासचिव के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने की उम्मीद है।

पाकिस्तान में 16वीं नेशनल असेंबली के सदस्यों के चुनाव के लिए अगले साल 8 फरवरी को आम चुनाव होने हैं।

प्रकाश ने 2022 में एबटाबाद इंटरनेशनल मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने डॉन को बताया कि उनकी मेडिकल पृष्ठभूमि के कारण "मानवता की सेवा करना मेरे खून में है।"

उन्होंने कहा कि एक निर्वाचित विधायक बनने का उनका सपना एक डॉक्टर के रूप में सरकारी अस्पतालों में खराब प्रबंधन और असहायता का अनुभव करने के कारण उत्पन्न हुआ है।

प्रकाश ने दैनिक को बताया कि वह क्षेत्र के गरीबों के लिए काम करने में अपने पिता के नक्शेकदम पर चलना चाहती हैं।


उनके पिता ओम प्रकाश, हाल ही में सेवानिवृत्त डॉक्टर, 35 वर्षों से पार्टी के सक्रिय सदस्य हैं।

प्रकाश की उम्मीदवारी का समर्थन करते हुए, सोशल मीडिया इन?फ्लूएंशर इमरान नोशाद खान ने एक्स पर लिखा, "डॉ. सवेरा प्रकाश बुनेर से पहली महिला उम्मीदवार हैं, जो एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि महिलाएं पहले इस क्षेत्र में चुनावी राजनीति में शामिल नहीं हुई हैं।"

उन्होंने कहा, "रूढ़िवादिता को तोड़ने में मैं पूरे दिल से उनका समर्थन करता हूं।"

पाकिस्तान का चुनाव आयोग सामान्य सीटों पर महिला उम्मीदवारों का कम से कम 5 प्रतिशत प्रतिनिधित्व अनिवार्य करता है।

## हमास ने 'मिस्र के युद्धविराम समझौते को खारिज करने' से किया इनकार



**गाजा।** हमास ने इस बात से इनकार किया है कि उसने गाजा में संघर्ष खत्म करने और इजराइल के साथ कैदियों की अदला-बदली के मिस्र के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, जैसा कि कुछ मीडिया आउटलेट्स ने रिपोर्ट किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एजात अल-रश्क ने सोमवार को एक बयान में कहा कि समूह ने पुष्टि की है कि इजरायली हमले को खत?म करने के अलावा कोई बातचीत नहीं होगी।

रश्क ने कहा कि हमास का नेतृत्व "हमारे लोगों के खिलाफ आक्रामकता और हत्या को पूरी तरह से रोकने की कोशिश कर रहा है, अस्थायी रूप से नहीं"।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# रूस पहुंचे विदेशमंत्री जयशंकर, वार्ताओं का दौर शुरू, सेंट पीटर्सबर्ग भी जाएंगे

**मास्को।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर रूस के पांच दिवसीय दौरे पर सोमवार को यहां पहुंच गए। वाताओं का दौर भी शुरू हो गया है। वह सेंट पीटर्सबर्ग भी जाएंगे। जयशंकर ने इस संबंध में कुछ फोटो और विवरण सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किया है।

विदेशमंत्री जयशंकर अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत में विभिन्न द्विपक्षीय संबंधों तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वह रूस के उप प्रधानमंत्री तथा उद्योग और व्यापार मंत्री डेनिस मांतुरोव से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने सबसे पहले रूसी रणनीतिक समुदाय के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बातचीत की।




# मिस्र ने इजराइल-हमास युद्ध खत्म कराने के लिए प्रस्ताव दिया

**काहिरा।** इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष विराम को समाप्त कराने के लिए मिस्र ने चरणबद्ध तरीके से बंधकों की रिहाई और गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक का शासन चलाने के लिए विशेषज्ञों के नेतृत्व में फलस्तीनी सरकार गठित करने का महत्वाकांक्षी प्रस्ताव रखा है। मिस्र के एक वरिष्ठ अधिकारी और यूरोप के एक राजनयिक ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मिस्र ने यह प्रस्ताव खाड़ी देश कतर के साथ मिलकर तैयार किया गया है और इसे इजराइल, हमास, अमेरिका प यूरोपीय सरकारों के समक्ष रखा है। हालांकि यह हमास को पूरी तरह से कुचलने के इजराइल के लक्ष्य की पूर्ति नहीं करता है और लगता है कि युद्ध के बाद गाजा पर लंबे समय तक सैन्य नियंत्रण बनाए रखने के इजराइल के आग्रह को भी पूरा नहीं करेगा।

मिस्र के अधिकारी ने कहा कि मिस्र और कतर विशेषज्ञों के नेतृत्व में सरकार गठन के लिए हमास समेत फलस्तीन के सभी गुटों के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार संक्रमण काल के लिए गाजा और वेस्ट बैंक पर हुकूमत करेगी और इस दौरान फलस्तीनी गुट अपने मतभेद दूर करने और राष्ट्रपति तथा संसदीय चुनाव कराने की रूपरेखा पर सहमत होने के लिए काम करेंगे। अधिकारी ने बताया कि इजराइल और हमास व्यापक समझौते को लेकर बातचीत जारी रखेंगे।

एक पश्चिमी राजनयिक ने कहा कि उन्हें मिस्र के प्रस्ताव की जानकारी है और इस बात पर संदेह व्यक्त किया कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समूचे प्रस्ताव को स्वीकार करेंगे। इजराइल के एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू समेत इजराइल की युद्ध कैबिनेट सोमवार को बैठक कर बंधकों की स्थिति समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा करेगी। उन्होंने यह नहीं बताया कि कैबिनेट मिस्र के प्रस्ताव पर चर्चा करेगी या नहीं।

यह प्रस्ताव ऐसे वक्त आया है जब इजराइल मध्य और दक्षिणी गाजा में लगातार हवाई हमले कर रहा है तथा उन इमारतों को जमींदोज कर रहा है जिनमें लोगों ने पनाह ली हुई है। मगाजी शरणार्थी शिविर में तीन मंजिला इमारत और आसपास की इमारतों पर हमले के बाद बचाव कर्मियों ने मलबे से से दर्जनों शव निकाले। अस्पताल के आंकड़ों के मुताबिक, कम से कम 106 लोगों की मौत हो चुकी है। युद्ध ने गाजा के कई हिस्सों को तबाह कर दिया है। इस दौरान करीब 20,400 फलस्तीनी मारे गए हैं और क्षेत्र के लगभग सभी 23 लाख लोग विस्थापित हो गए है।

# क्रिसमस पर पहली बार बेथलहम में सन्नाटा, इजराइल ने गाजा में एक रात में मारे 100 फलस्तीनी

**यरुशलम।** युद्ध के चलते क्रिसमस पर ईसा मसीह की जन्मभूमि बेथलेहम में संभवतः पहली बार सन्नाटे के हालात रहे। वहां रहने वाले ईसाइयों ने गिरजाघर में एक मोमबत्ती जलाकर फलस्तीनी क्षेत्र में शांति के लिए प्रार्थना की। बेथलेहम इजराइल के कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र वेस्ट बैंक का शहर है। इजराइली वायुसेना के हवाई हमले मध्य रात्रि से कुछ पहले शुरू हुए और उसके बाद सुबह तक अनवरत जारी रहे। इस हमल में 100 से अधिक फलस्तीनी नागरिकों के मारे जाने की आशंका है। गाजा में 11 हफ्ते से जारी लड़ाई में रविवार-सोमवार की रात सबसे ज्यादा खूनखराबे वाली रही। बीती रात इजरायली हमलों में 100 लोग मारे गए और इससे ज्यादा घायल हुए। इस खूनखराबे से विचलित ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने इजरायली बंधकों की अविलंब रिहाई और उसके साथ ही युद्ध की समाप्ति की अपील की है।



फलस्तीनी मीडिया के अनुसार, इजराइली सेना के हमलों के निशाने पर अब मध्य गाजा का क्षेत्र है। वहां पर रात-दिन बमबारी और गोलाबारी हो रही है। इजराइल के ताजा हमलों में मरने वाले ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। ज्यादातर लोग अल-बुरेज, अल-नुसीरत और मेघाजी शहरों में मारे गए हैं। दक्षिण के बड़े शहर खान यूनिस में बीती रात के हवाई हमलों में 23 लोग मारे गए हैं। मध्य गाजा के शहरों और खान यूनिस में मारे गए लोगों की कुल संख्या 100 है।

इजाराइली सेना ने कहा है कि उसने लक्ष्य पर हमले किए हैं, इसलिए वह मरने वालों की सही संख्या का पता लगाएगी। इस बीच गाजा के कई शहरों में भीषण लड़ाई जारी है, सोमवार को इजरायल के दो सैनिक और मारे गए। इन्हें मिलाकर 20 अक्टूबर से शुरू हुई जमीनी कार्रवाई में मरने वाले सैनिकों की कुल संख्या 158 हो गई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमें युद्ध की भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है लेकिन इसके अतिरिक्त कोई विकल्प भी नहीं है।

## फ्रांसीसी हवाई अड्डे से 276 यात्रियों को लेकर रोमानियाई विमान भारत के लिए रवाना

**पेरिस।** फ्रांस में पेरिस के पास ह्यमानव तस्करीह्ल के संदेह में रोमानियाई विमान को एक हवाई अड्डे पर फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने के चार दिन बाद यह विमान सोमवार को 276 यात्रियों को लेकर भारत के लिए रवाना हो गया। विमान में ज्यादातर यात्री भारतीय हैं। जानकारी के मुताबिक विमान को सोमवार को दोपहर दो बजकर 30 मिनट पर रवाना किया गया। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई से 303 यात्रियों को लेकर निकारागुआ जा रही उड़ान को मानव तस्करी के संदेह में गुरुवार को पेरिस से 150 किमी पूर्व में स्थित वैट्री हवाई अड्डे पर रोक लिया गया था। फ्रांसीसी अधिकारियों ने रविवार को रोमानियाई कंपनी लीजेंड एअरलाइंस द्वारा संचालित ए340 विमान को अपनी यात्रा फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी थी। मार्ने प्रान्त के अनुसार, जिस विमान को रवाना किया गया, उसमें 276 यात्री सवार थे। साथ ही दो नाबालिगों सहित 25 ने फ्रांस में आश्रय के लिए आवेदन किया है और वे अभी फ्रांस में ही हैं। खबर में बताया गया कि दो अन्य यात्रियों को सोमवार को न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें रिहा कर दिया गया। आश्रय के लिए किये गये आवेदन की जांच रोइस्सी-चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर की जाएगी। पहले विमान के सुबह करीब 10 बजे उड़ान भरने की उम्मीद थी। मीडिया की खबरों में बताया कि कुछ यात्री अपने मूल देश नहीं लौटना चाहते थे, इसके चलते विमान के प्रस्थान में देरी हुई।

फ्रांस में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ल पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय यात्रियों को घर लौटने में सक्षम बनाने के लिये मामले के त्वरित समाधान और आतिथ्य सत्कार के वास्ते फ्रांसीसी सरकार और वैट्री हवाई अड्डे का धन्यवाद। साथ ही उनकी (यात्रियों की) सुचारू और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए मौके पर मौजूद दूतावास टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए भी धन्यवाद। भारत में एजेंसियों का भी आभार। बताया गया कि विमान पहले संयुक्त अरब अमीरात में उतरेगा और फिर मुंबई के लिए रवाना होगा। रोमानियाई एअरलाइन ह्यलीजेंड एयरलाइंसह्ल की वकील मी लिलियाना बकायोको के अनुसार, स्थिति कुछ समय के लिए भ्रमित करने वाली रही। उन्होंने कहा कि कुछ यात्री अपने मूल देश नहीं लौटना चाहते और उन्होंने आज सोमवार सुबह शुरू में विमान में चढ़ने से इनकार कर दिया।

हवाई अड्डे को रविवार को अस्थायी अदालत परिसर में बदल दिया गया और चार फ्रांसीसी न्यायाधीशों ने हिरासत में लिए गए यात्रियों से पूछताछ की। यह सुनवाई ह्यह्यमानव तस्करीह्लह्ल के संदेह में पेरिस अभियोजक के कार्यालय द्वारा शुरू की गई जांच के हिस्से के रूप में आयोजित की गई थी। फ्रांसीसी मीडिया के अनुसार, कुछ यात्रियों ने हिंदी और कुछ ने तमिल भाषा में अपनी बात रखी। विमान के रवाना होने के लिए अधिकृत होने के बाद, रविवार को फ्रांसीसी न्यायाधीशों ने प्रक्रिया में अनियमितताओं के कारण सुनवाई रद्द करने का फैसला किया। यात्रियों में 21 महीने का एक बच्चा और 11 ऐसे नाबालिग शामिल हैं, जिनके साथ कोई नहीं है। विमान के दो यात्रियों की पुलिस हिरासत की शर्तें सोमवार को हटा ली गईं। दोनों व्यक्तियों को अवैध आव्रजन गिरोह में भूमिका निभाने के संदेह में शुक्रवार को हिरासत में लिया गया था। उनकी हिरासत शनिवार को 48 घंटे तक के लिए बढ़ा दी गई थी। लोक अभियोजक के कार्यालय ने कहा कि एक न्यायिक जांच शुरू की गई है। एयरलाइन की वकील ने तस्करी में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया।

बकायोको ने कहा कि विमान को किराए पर लेने वाली एक ह्यह्यसाझेदारह्लह्ल कंपनी प्रत्येक यात्री के पहचान दस्तावेजों को सत्यापित करने के लिए जिम्मेदार थी, और उड़ान से 48 घंटे पहले यात्रियों की पासपोर्ट जानकारी एयरलाइन को भेजी थी। फ्रांस में मानव तस्करी के लिए 20 साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है।

## नेतन्याहू ने किया उत्तरी गाजा का निरीक्षण, लड़ाई जारी रखने का संकल्प



**जेरूसलम।** इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उत्तरी गाजा पट्टी का दौरा किया और लड़ाई जारी रखने की कसम खाई। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने प्रधान मंत्री कार्यालय के हवाले से बताया कि नेतन्याहू ने सोमवार को डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अमीर बारम के साथ फिलिस्तीनी एन्क्लेव का दौरा किया, जहां इजरायल और हमास के बीच संघर्ष चल रहा है।

नेतन्याहू ने इजरायली सैनिकों से कहा, "हम रुकते नहीं हैं। जब तक हम उन्हें खत्म नहीं कर देते, तब तक युद्ध जारी रहेगा, इससे कम कुछ नहीं।"

इस बीच, इजरायली सेना ने कहा कि गाजा में लड़ाई में सोमवार को कम से कम दो सैनिक मारे गए, इससे संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वाले इजरायली सैनिकों की कुल संख्या 156 हो गई ।

सोमवार को हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, एन्क्लेव में कम से कम 20,674 फिलिस्तीनी मारे गए और 54,536 अन्य घायल हो गए।

# नेपाल के विदेश मंत्री का सनसनीखेज खुलासा: 200 से अधिक नेपाली नागरिक रूसी सेना में भर्ती, 100 से अधिक लापता

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने एक सनसनीखेज खुलासा करते हुए दो सौ से अधिक नेपाली नागरिकों के रूसी सेना में भर्ती होने और उनमें से सौ से अधिक लोगों के लापता होने की जानकारी साझा की है। विदेश मंत्री ने कहा कि रूसी सेना की तरफ से युद्ध लड़ने वाले अधिकांश नेपाली नागरिकों की या तो मौत हो चुकी है या वो यूक्रेन में युद्धबन्दी बने हुए हैं। कुछ दिन पहले ही नेपाल के विदेश मंत्रालय की तरफ से एक बयान जारी करते हुए रूस की तरफ से युद्ध लड़ रहे सात नेपाली नागरिकों की मौत होने और चार के युद्धबन्दी के रूप में यूक्रेन में होने की जानकारी दी गई थी। विदेश मंत्री के उस बयान के बाद सैकड़ों ऐसे परिवार सामने आए हैं, जिन्होंने अपने अपने परिवार के किसी सदस्य के रूसी सेना में भर्ती होने की लिखित जानकारी कराई है। विदेश मंत्री एनपी साउद ने कहा कि ऐसे लोगों की संख्या ढाई सौ से अधिक है। विदेश मंत्री साउद ने इस बात का भी खुलासा किया है कि रूसी सेना में भर्ती होने की जानकारी देने वाले करीब 100 से अधिक परिवारों ने यह भी बताया है कि उनके परिजन या तो मारे गए हैं या युद्धबन्दी के रूप में यूक्रेन की जेल में हैं। साउद ने कहा कि यह आंकड़ा चौंकाने वाला है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रारम्भ से ही नेपाल सरकार ने रूसी सेना में भर्ती होने या युद्ध में किसी देश के तरफ से युद्ध लड़ने पर प्रतिबन्ध लगाया हुआ है फिर भी इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों का रूसी सेना में प्रवेश करना और रूस की तरफ से जारी युद्ध में सहभागी होना खतरनाक संकेत है।



मंत्री साउद ने आशंका जताई है कि वहां करीब 200 से 300 के बीच में नेपाली नागरिकों के रूसी फौज में शामिल होने की जानकारी हमारे ही नागरिकों ने दी है लेकिन रूसी सरकार ने आधिकारिक रूप से कुछ दर्जन नेपाली नागरिकों के रूसी सेना में शामिल होने और उनमें से सिर्फ सात लोगों के मारे जाने की जानकारी दी है। विदेश मंत्री साउद ने कहा कि रूसी सेना में सहभागी नेपाली नागरिकों की वापसी के लिए कूटनीतिक प्रयास शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र, अन्तरराष्ट्रीय मानाधिकार संगठनों और रेडक्रॉस के जरिए अपने नागरिकों को रूस और यूक्रेन से वापस लाने को लेकर समन्वय किया जा रहा है। मंत्री साउद ने यह भी बताया कि मास्को में रहे नेपाली राजदूतावास भी रूसी प्रशासन के साथ समन्वय कर अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि वहां कुछ और नागरिकों के भी जाने की सूचना मिलने के बाद हवाईअड्डे पर निगरानी बढ़ा दी गयी है। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय यूक्रेन सरकार के संपर्क में है और यूक्रेन में बंदी बनाए गए लोगों को बचाने के बारे में यूक्रेन में नेपाली राजदूत उनसे बातचीत कर रहे हैं।